चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 76 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 11 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

शाहबाज की जुबानी आग, गाया 'कश्मीर राग'

इस्लामाबादः पाकिस्तान में करीब एक महीने से जारी सियासी घमासान फिलहाल थमता नजर आ रहा है। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अविश्वास प्रस्ताव पर हुई वोटिंग में इमरान सरकार गिर गई। कुल 174 सांसदों ने उनके खिलाफ वोट दिया जो बहुमत से 2 ज्यादा है। वोटिंग में इमरान या उनका कोई समर्थक सांसद शामिल नहीं हुआ। विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ ने पीएम कैंडिडेट के तौर पर नामांकन पत्र भरा। इसके तुरंत बाद शहबाज ने विपक्षी नेताओं को धन्यवाद दिया। वहीं, पीटीआई की ओर से पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने पीएम पद का नामांकन दाखिल किया। नई सरकार में बिलावल भुट्टो को विदेश मंत्री बनाया जा सकता है। बिलावल ने एक ट्वीट किया- हर गैरकानूनी चाल चलने के बाद भी इमरान हमें रोक नहीं सके। लोकतंत्र की जीत हुई। वहं सरकार गिरने के बाद इमरान ने पहला ट्वीट किया-1947 में पाकिस्तान एक आजाद देश बना, लेकिन विदेशी साजिश के खिलाफ सत्ता परिवर्तन के लिए आजादी की जंग आज से फिर शुरू हो रही है। देश के लोग ही हमेशा अपनी संप्रभुता और लोकतंत्र की रक्षा करते हैं।

पाक का पीएम बनने से पहले शहबाज ने दिखाया असली रंगः नामांकन भरने के बाद शहबाज शरीफ ने भी भारत के खिलाफ मन में भरी कड़वाहट बयान कर दी। भारत से रिश्ते सुधारने पर उन्होंने कहा कि ऐसा तब तक नहीं हो सकता जब तक कश्मीर मसला हल नहीं हो जाता। वहीं अपने भाई पर चले रहे कानूनी मुकदमों को लेकर कहा- उनके भाई नवाज के खिलाफ चल रहे केस कानून के अनुसार ही होंगे। सरकार गिरने के बाद इमरान खान ने रविवार दोपहर कोर कमेटी की पहली बैठक बुलाई। यह बैठक सचिवालय बनीगाला में हुई।

पाकिस्तान सेना ने खारिज की बाजवा को बर्खास्त करने की बातः पाक संसद की कार्यवाही के दौरान इमरान खान अपने बनीगाला वाले घर में ही रहे। रात में जनरल बाजवा और आईएसआई चीफ जनरल नदीम अंजुम उनसे मिलने गए थे। लेकिन, इस मुलाकात की वजह उर्दू में छपी एक रिपोर्ट थी, जिसमें यह दावा किया गया था कि सरकार गिरने से पहले इमरान ने सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा को बर्खास्त करने का आदेश दिया था।

इमरान के करीबी पर सुबह छापेमारीः इमरान के करीबियों पर छापेमारी का दौर भी शुरू हो गया है। अर्सलान के घर पर छापा मारा गया है। विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ ने बड़े भाई नवाज को याद किया और इसे पाकिस्तान के लए नई सुबह बताया।



लंदन में भिड़े नवाज और इमरान के समर्थक

इमरान खान की पाकिस्तान की सरकार से रवानगी होने और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की देश वापसी की अटकलों के बीच लंदन में दोनों नेताओं के समर्थकों के बीच झड़प होने की जानकारी सामने आई है।

अटॉर्नी जनरल ने दिया इस्तीफा, इमरान का जताया आभार-पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अटॉर्नी जनरल खालिज जावेद ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने देश की सेवा करने के लिए अपनी ओर से पूरा प्रयास किया।

अब इमरान का क्या होगा...

ये बड़ा सवाल है। तमाम नेताओं और अफसरों के बिना नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट हासिल किए देश छोड़ने पर रोक लगा दी गई है। इमरान अब चाहकर भी मुल्क नहीं छोड़ सकते। हालांकि, उनके कई मंत्री और अफसर पहले ही मुल्क छोड़ चुके हैं। मरियम नवाज ने साफ कर दिया है कि इमरान से हर चीज का हिसाब लिया जाएगा। जरदारी का रुख तो मरियम से भी ज्यादा सख्त है। विपक्ष के नेता ख्वाजा आसिफ ने कहा- इमरान को जेल में रहने की आदत नहीं। मुझे तो उनकी अभी से फिक्र हो रही है।

इमरान खान शनिवार को अपने बनीगाला में मौजूद में घर से बाहर ही नहीं निकले।

जेल जाएंगे स्पीकर और डिप्टी स्पीकर?

सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर और डिप्टी स्पीकर को यह ऑर्डर दिया था कि उन्हें अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग करानी है। दोनों ही इस्तीफा देकर भाग खड़े हुए। संविधान विशेषज्ञ डॉक्टर नसीम अख्तर ने कहा- कैसर और कासिम ने इस्तीफा भले ही दे दिया हो, लेकिन सुप्रीम कोर्ट इन्हें सजा जरूर देगा। उन पर कोर्ट की अवमानना का केस चलेगा। आर्टिकल 6 के तहत 6 महीने के लिए जेल जाना होगा। ये तभी टल सकता है जब राष्ट्रपति इन्हें माफ कर दें।

पाकिस्तान के लोगों ने हमेशा अपनी संप्रभुता की रक्षा की है: इमरान खान

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि हमारा देश 1947 में आजाद हुआ था लेकिन सत्ता परिवर्तन की विदेशी साजिश के खिलाफ आज एक बार फिर स्वतंत्रता की लड़ाई शुरू हुई है। पूर्व पीएम इमरान खाने ने एक ट्वीट में कहा कि इस देश के लोगों ने हमेशा अपनी संप्रभुता और लोकतंत्र की रक्षा की है।

न्यूज फ्लैश

पंजाब के सभी जिलों में खुलेंगे सीएम कार्यालय, सुनी जाएंगी शिकायतें

चंडीगढ़ः पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ऐलान किया है कि पंजाब के लोगों को अपने किसी तरह के काम के लिए अब चंडीगढ़ नहीं आना पड़ेगा। सरकार बहुत जल्द सभी जिलों में सीएम कार्यालय खोलेगी जहां सीएम विंडो पर कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत दे सकता है। भगवंत मान मुख्यमंत्री बनने के बाद रविवार को पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र धूरी पहुंचे। यहां उन्होंने गांव मूलोवाल के ऐतिहासिक गुरुद्वारा मंजी साहिब में माथा टेका। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में भगवंत मान ने कहा कि पंजाब के हर जिले में मुख्यमंत्री दफ्तर खोला जाएगा,लोगों की मुश्किलों को चंडीगढ़ के बजाए, उन दफ्तरों में ही हल किया जाएगा। सीएम ने कहा कि आम आदमी पार्टी से लोगों को जो उम्मीदें हैं वह सभी पूरी की जाएंगी। भगवंत मान ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को घर बैठे ही सरकारी सुविधा मिले और उसे अपने किसी भी जायज काम के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ें। मान ने पंजाब वासियों से अपील की कि अभी उन्हें सत्ता में आए केवल एक माह हुआ है, इसलिए वह उन्हें थोड़ा समय दें ताकि पंजाब वासियों के कल्याण हेतु रोड मैप तैयार किया जा सके।

सीतारमण 23 अप्रैल को सार्वजनिक बैंकों के प्रमुखों के साथ करेंगी बैठक

नई दिल्लीः रूस-यूक्रेन संकट के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 अप्रैल को नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) प्रमखों के साथ बैठक करेंगी। सीतारमण पीएसबी प्रमुखों के साथ होने वाली इस बैठक में ऋतदाता संस्थानों के प्रदर्शन की समीक्षा और अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के लिए चल रही सरकारी योजनाओं की प्रगति का आकलन करेंगी। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

चीन ने रखा एलएसी पर हॉट स्प्रिंग्स से पीछे हटने का प्रस्ताव

नई दिल्लीः भारत और चीन के बीच एक माह पहले हुई 15वें दौर की सैन्य वार्ता के बाद भी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का मुद्दा सुलझ नहीं सका है। सीमा पर आपसी टकराव खत्म करने के लिए चीन ने एक बार फिर बेतुके प्रस्ताव के जरिये दबाव बनाने की कोशिश की लेकिन उसे मुंह की खानी पड़ी है। विवादित हॉट स्प्रिंग्स इलाके के पेट्रोलिंग प्वाइंट 15 पर दो वर्षों से जमे भारतीय सैनिकों को चीन ने करीब 5 किमी. पीछे करने का प्रस्ताव रखा जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है। यहां दोनों देशों के सैनिक अभी भी आमने-सामने टकराव की स्थिति में तैनात हैं। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर चल रहे तनाव को हल करने के लिए भारत और चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 15वें दौर की वार्ता 11 मार्च को चुशूल मोल्दो मीटिंग प्वाइंट पर हुई।

बैठक में भारत की तरफ से हॉट स्प्रिंग, डेप्सांग और डेमचोक इलाकों में चीनी सैनिकों की पूर्ण वापसी पर जोर दिया गया लेकिन दोनों पक्ष किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे।

लगातार चौथे दिन पेट्रोल और डीजल के दाम रहे स्थिर

नई दिल्लीः रूस-यूक्रेन संकट के बीच घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रहे। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने लगातार चौथे दिन दोनों ईंधनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत अभी 102 डॉलर प्रति बैरल के उच्चतम स्तर पर है। दिल्ली में रविवार को पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश के अन्य महानगरों मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल का भाव 104.77 रुपये प्रति लीटर है।

यूक्रेन संकट के बीच पीएम मोदी और बाइडन के बीच होगी वर्चुअल बैठक

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल यानी सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ वर्चुअल मीटिंग करेंगे। इस दौरान दोनों नेता द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करेंगे और दक्षिण एशिया, हिंद-प्रशांत क्षेत्र और आपसी हित के वैश्विक मुद्दों पर हाल के घटनाक्रमों पर बात करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, वर्चुअल बैठक दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने का काम करेगी। इसके साथ इससे दोनों देशों के बीच रिश्तों को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, नेताओं की वर्चुअल बातचीत चौथी भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता से पहले होगी। इस टू प्लस टू मीटिंग का नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन करेंगे। इस बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने बयान जारी कर बताया कि बाइडन भारत और अमेरिका की सरकारों, अर्थव्यवस्थाओं और हमारे लोगों के बीच संबंधों को और गहरा करने के लिए सोमवार को भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ वर्चुअल मुलाकात करेंगे।

प्रभु श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करें: राष्ट्रपति कोविंद

नई दिल्लीः राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लेने का आह्वान किया। सभी देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन, उनकी कर्तव्यनिष्ठा और उच्च आदर्श पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा के स्त्रोत हैं।

किसान प्राकृतिक खेती को अपनाएं: पीएम मोदी

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामनवमी के अवसर पर देशवासियों का ध्यान प्रकृति संरक्षण और संवर्धन की ओर डालते हुए कहा कि किसान प्राकृतिक खेती अपनाएं और धरती मां को बचाएं वरना एक दिन कृषि उपज देना बंद कर देगी। प्रधानमंत्री मोदी रामनवमी के अवसर पर गुजरात के जूनागढ़ के गथिला स्थित उमिया माता मंदिर के 14 वें स्थापना दिवस समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उमिया मां को कदवा पाटीदारों की कुलदेवी माना जाता है। उन्होंने कहा कि उमिया माता के आशीर्वाद से हम गुजरात के विकास में निरंतर प्रयास कर रहे हैं और जनभागीदारी के साथ इसकी सफलता में योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं गुजरात के हर किसान से रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर जाने का आग्रह करता हूं। अगर हम अपनी मिट्टी को नुकसान पहुंचाना बंद नहीं करते हैं, तो धरती मां हमारे बीजों की गुणवत्ता के बावजूद अब कोई उपज नहीं देगी। प्रधानमंत्री ने गुजरात की धरती से जल संरक्षण के लिए चलाये गये अभियानों का हवाला देते हुए कहा कि जल संचय और सामाजिक अध्ययन चलाए गए हैं। मौजूदा हालात के मद्देनजर उन्होंने कहा कि जल संचय अभियान में जरा सी भी उदासीनता नहीं रखनी चाहिए।

गो तस्करों ने टायर फटने के बावजूद 22 किमी दौड़ाई गाड़ी

गुरुग्रामः दिल्ली के पास गुरुग्राम में गो रक्षकों और पुलिस ने गो तस्करों को पकड़ने के लिए उनका 22 किमी पीछा किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें टायर फटने के बाद भी गो तस्कर रिम के सहारे गाड़ी दौड़ाते दिख रहे हैं। यही नहीं तस्करों ने चलती गाड़ी से गायों को भी फेंका और पीछा कर रहे गो रक्षकों पर फायरिंग भी की।

फिल्मी स्टाइल में इतने दूर तक चली इस धर-पकड़ में पुलिस ने 5 तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने 2 टायर के सहारे ही गाड़ी दौड़ाई और फिर खुद को घिरा हुआ देख फ्लाइओवर से कूद गए।

राजीव देशवाल के मुताबिक, करीब 6 गो तस्कर अपने गाड़ी में गाय ले जा रहे थे।। गो रक्षकों ने उनका पीछा किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस की गाड़ियों ने भी उनका पीछा किया।

देशी बंदूकें और जिन्दा कारतूस बरामदः गो रक्षा दल के सदस्यों को पता चला कि दिल्ली से गुरुग्राम के रास्ते गो तस्कर एक गाड़ी में गायों को भरकर ले जाने वाले हैं। सूचना के बाद गो रक्षा दल के सदस्यों ने दिल्ली-जयपुर हाईवे पर मौजूद एम्बिएंस मॉल के पास नाका लगा दिया। इस बीच एक टाटा-407 गाड़ी तेज रफ्तार से वहां से निकली। पिछले हिस्से को प्लास्टिक से कवर किया गया था। तस्करों के पास से कुछ देशी बंदूकें और जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं।

गो रक्षकों से बचने के लिए गायों को गाड़ी से फेंकाः गो रक्षा दल के सदस्यों ने गाड़ी का पीछा किया तो बदमाशों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी, लेकिन गो रक्षा दल के सदस्य पीछे हटने की बजाय लगातार उनका मुकाबला करते रहे। गो रक्षा दल के सदस्यों को रोकने के लिए बदमाशों ने गाड़ी में भरी गायों को ही तेज रफ्तार से सड़क पर फेंकना शुरू कर दिया।

जन्नत में हूरें मिलेंगीं, वहां बीवी का क्या काम: मुर्तजा

मुर्तजा के पिता उसे दिमागी तौर पर बीमार साबित करने में लगे हैं, लेकिन एटीएस को लग रहा है कि वह बेहद शातिर

गोरखपुरः गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाला मुर्तजा अब्बासी अब तक पहेली बना हुआ है। मुर्तजा के पिता उसे दिमागी तौर पर बीमार साबित करने में लगे हैं, लेकिन एटीएस को लग रहा है कि वह बेहद शातिर है। आईआईटी-मुंबई से केमिकल इंजीनियरिंग करने वाले मुर्तजा से वारदात के 8 दिन बाद रविवार को एनआईए (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) पूछताछ करेगी। एनआईए के तीन अफसरों की टीम शनिवार को लखनऊ पहुंच चुकी है। एटीएस की अब तक की पूछताछ में मुर्तजा ने जितने भी सवालों के जवाब दिए हैं, उससे लग रहा है कि वह झूठ नहीं बोल रहा है। इससे एटीएस को किसी अंतिम निर्णय तक पहुंचने में मुश्किल आ रही है।

सिर्फ अल्लाह की सुनिए, जन्नत मिलेगीः सूत्र बताते हैं कि जब मुर्तजा से शादी और फिर तलाक के बारे में सवाल किया गया तो उसने कहा- अल्लाह के घर में यानी कि जन्नत में बहुत सारी हूरें मिलेंगीं। वहां बीवी का क्या काम? अल्लाह के घर जाना है तो सबको छोड़ना होगा। मल्टीनेशनल कंपनी की नौकरी छोड़ गोरखपुर आना, फिर परिवार और समाज में किसी से मतलब नहीं रखना और कमरे में अकेले रहने के सवालों पर मुर्तजा तपाक से बोला कि अल्लाह के घर में सिर्फ अल्लाह की सुनिए...अल्लाह से मतलब रखिए और अल्लाह के ही बताए रास्तों पर चलिए, फिर जन्नत मिलेगी।

मुर्तजा के बड़े पिता लखनऊ तलब, एटीएस को ईमेल कर बोले- मैं बुजुर्ग हूं, नहीं आ सकताः मुर्तजा के बड़े पिता और नामी डॉक्टर केए अब्बासी को पूछताछ और बयान दर्ज कराने के लिए एटीएस ने लखनऊ तलब किया, लेकिन वह नहीं गए। उन्होंने एटीएस मुख्यालय को ईमेल भेजकर नोटिस का जवाब दिया है। धारा-160 आईपीसी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी उम्र 60 साल से ज्यादा है। ऐसे में वे लखनऊ जाकर बयान दर्ज कराने में असमर्थ हैं। इसके बाद वह अपना बयान दर्ज कराने गोरखपुर स्थित एटीएस दफ्तर पहुंचे, लेकिन यहां संबंधित अधिकारी के नहीं होने से फिलहाल उनका बयान दर्ज नहीं हो सका है। हालांकि एटीएस टीम लगातार इस मामले की परत-दर-परत खोलकर मामले की तह तक पहुंचने में जुटी है।

रूस ने बदला सेनानायक, यूक्रेन कड़ी जंग के लिए तैयार

कीवः यूक्रेन पर रूसी हमले के 45वें दिन रूस ने वहां लड़ाई के लिए अपना सेनानायक बदल गिया है। अब रूसी सेना अपना पूरा ध्यान पूर्वी यूक्रेन पर केंद्रित कर रही है। यूक्रेन ने भी रूसी सेना के बदलते तेवरों का जवाब यह कह कर दिया है कि वह हर बड़ी और कड़ी जंग के लिए तैयार है। यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जे की तमाम कोशिशों और बूचा जैसे नरसंहार के बावजूद रूस कीव पर कब्जा करने में सफल नहीं हो सका। कीव से रूसी सेना की वापसी के बाद अब रूस ने पूर्वी यूक्रेन पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

खबर संक्षेप

संक्रमित दुधारू जानवर को दवा पिलाते पशुपालक।

संक्रमित होकर दुधारू जानवर हो रहे बीमार,मौत

सहसों। क्षेत्र के चिरौड़ा,रुदापुर, देवनहरी,चिरौड़ी आदि गांवों में संक्रमण बीमारी के चलते दो दर्जन से अधिक कीमती पशु की मौत हो गई। वहीं पर दर्जनों दुधारू पशु बीमार हैं। जिनका इलाज पशुपालक कर रहे हैं। रुदापुर गांव में पशुपालक नरेंद्र यादव, सुरेश यादव,प्रदीप यादव, महेश कुमार, प्रेम चौहान,अर्जुन, रामचंद्र, राममिलन, अरविंद, घनश्याम, कैलाश बिंद एवं चिरौड़ी गांव के पंधारी यादव, सैलानी, बच्चा यादव, रामनाथ पट्टी के बड़ेलाल पाल आदि की दो दर्जन से अधिक कीमती दुधारू तथा छोटे जानवरो की मौत हो चुकी है। वहीं पर दर्जनों से अधिक भैंस- गाय तथा बकरियां बीमार हैं।जिनके इलाज में हजारों रुपए पशुपालक खर्च कर चुके हैं। पशुपालकों ने बताया कि पहले समय से टीकाकरण हो जाता था लेकिन इस वर्ष नहीं हुआ।इसी वजह से पालतू मवेशी रोगों की चपेट में आ गए हैं। रोग से हम सबकी लाखों रुपए की दुधारू गाय भैंस की मौत हो गई। गांव मे दर्जन से अधिक दुधारू जानवर बीमारी से ग्रसित हैं जिनका इलाज हजारों रुपए खर्च करके कर रहे हैं। इस संबंध में पशु चिकित्सा अधिकारी सहसों डा अनिल यादव ने बताया कि लगातार पशुपालकों को उचित सलाह दी जा रही है। पालतू दुधारू गाय भैंस सहित अन्य मवेशियों के टीके इस वर्ष उपलब्ध नहीं हो पाया। जिससे कई प्रकार के संक्रमण अपनी चपेट में ले ले रहा है। जानवरो में पोषक तत्वों की कमी के चलते फंगल इन्फेक्शन तेजी से फैल रहा है। जो पशुओं की मौत का कारण है। फंगल इंफेक्शन के कारण पशुओं में मुंह तथा पैर में संक्रमण फैल जाता है। जिससे जानवर चारा खाना छोड़ देते हैं और मौत हो जाती है। उन्होंने पशुपालकों को सलाह दी कि वे जानवरों को हरा चारा के साथ खरी चूनी को ज्यादा खिलाये तो अच्छा स्वास्थ्य तथा बीमारी भी दूर होगी।

हत्या का खुलासा करते पुलिस अधिकारी व टीम

झाड़ियों में फेंकने के लिए इस्तेमाल की गई गाड़ी

पीपीजीसीएल : गोली से घायल कौशल किशोर को मरने के लिए झाड़ियों में फेंकवाया

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के अंदर काम करने गए कौशल किशोर की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शंकरगढ़ पुलिस ने पावरप्लांट के एसओ, गनमैन, गार्ड समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सीओ विमल किशोर मिश्र ने उक्त हत्याकांड का खुलासा किया। बताया कि पांच अप्रैल की रात्रि कौशल किशोर एक ठेकेदार के अंडर में काम करने गया था। वहां पर वह कूलिंग टावर की तरफ लोहे के टुकडे बीनने चला गया था। इसी दौरान क्यूआरटी ड्यूटी में तैनात गनमैन व गार्ड वहां पहुंचे और कौशल किशोर के साथ चोरों जैसा व्यवहार किया और उसके पैर में गोली मार दी।

सीओ ने बताया कि गोली मारने के बाद उसे गाड़ी में लादकर अपने अधिकारी एसओ राजवीर सिंह व पंकज राय को बुलाया। उक्त दोनों अधिकारियों ने अपने ऊपर के अधिकारियों से वार्ता की और ऊपर वालों के कहने-सुनने पर पैर में गोली

समय पर परिजनों या पुलिस को जानकारी दे देते तो कौशल किशोर की बचाई जा सकती थी जान

प्लांट के अंदर काम करने गए कौशल किशोर की हत्या में एसओ, गार्ड, गनमैन समेत चार गिरफ्तार

बारा पावर प्लांट के सुरक्षा इंचार्ज सुनील कुमार सिंह के खिलाफ दर्ज किया गया हत्या का मुकदमा

लगने से घायल हुए कौशल किशोर पुत्र स्व. रामकरन त्रिपाठी (मूल निवासी ग्राम सकरौहा, मानिकपुर, चित्रकूट, हाल पता लोहगरा, नीबी, गुलरहिया, थाना बारा) एनटीपीसी को बाउंड्री के बाहर निर्जन स्थान पर झाड़ी में फेंक दिया। उक्त मामले में कौशल किशोर के छोटे भाई शिवकिशोर ने पीपीजीसीएल के सुरक्षा इंचार्ज सुनील कुमार सिंह व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करवाया था। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने उक्त घटना के लिए जिम्मेदार पीपीजीसीएल के एसओ राजवीर सिंह पुत्र बृजेंद्र सिंह (बेलाव, उमरी, भिंड संभाग, ग्वालियर, मध्यप्रदेश), गार्ड देवेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह (ग्राम पैरा, सोहागी, रींवा, मध्य प्रदेश), गनमैन प्रवीण कुमार सिंह पुत्र सुरेश सिंह (चिल्ला गौहानी, लालापुर) और विनोद कुमार पांडेय पुत्र कृष्ण मुरारी पांडेय (नेवढ़िया, आमद करारी, कोखराज, कौशांबी) को धर दबोचा।इसके अलावा घायलावस्था में कौशल किशोर को झाड़ियों में फेकने के लिए इस्तेमाल की गई गाड़ी (यूपी70-जेटी-4616) को भी कब्जे ले लिया। इसमें वाहन चालक ऋषभ उपाध्याय उर्फ शिवा भी शामिल था।रविवार को मुखबिर की सूचना पर अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी व कपारी रोड के मध्य उक्त हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक लाइसेंसी डीबीबीएल गन, खोखा, कारतूस, नगदी और मृतक का सिमकार्ड बरामद हुआ है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले में अभी कुछ फरार चल रहे हैं, जिनको जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस टीम की इस सफलता में उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह,हेड कांस्टेबल महेंद्र नारायण सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार ओझा, कांस्टेबल अंशु कुमार आदि लोग रहे।

पावर प्लांट में आखिर कौन है ऊपरवाला!

कौशल किशोर, पावर प्लांट के लिए कोई नया चेहरा नहीं था। 3-4 साल पहले वह पावर प्लांट में ही ठेकेदारी करता था। पिछले कई वर्षों से उसका लगातार आना-जाना है। ऐसे में किसी के द्वारा न पहचाने जाने का सवाल ही नहीं उठता। दूसरी सबसे गंभीर बात यह है कि अगर चोर समझकर ही गोली पैर में मारी गई तो इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को क्यों नहीं दी गई। पावर प्लांट के यह कौन से ऊपर वाले हैं, जिनके कहने पर कौशल किशोर को मरने के लिए फेंक दिया गया। कौशल किशोर तो अपनी जान से चला गया, लेकिन अब उसके न रहने की सजा उसके परिवार वालों को आजीवन मिलती रहेगी। गिरफ्तार अभियुक्त आज नहीं तो कल, जमानत पर बाहर आ जाएंगे और ऊपरवाले के कहने पर आगे भी इसी तरह की ड्यूटी निभाते रहेंगे। पावर प्लाट में यह ऊपर वाला कौन है, इसका खुलासा शंकरगढ़ पुलिस अभी तक नहीं कर पाई है।

रामनवमी पर मंदिरों में की गई पूजा अर्चना



अखंड भारत संदेश

जारी। प्रभु श्री राम का जीवन सदा से प्रेरक रहा है। भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि और पुष्य नक्षत्र पर रामनवमी का त्योहार जारी कस्बे के प्राचीन मंदिरों में मनाया गया धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि पर भगवान विष्णु के सातवें अवतार श्रीराम का जन्म अयोध्या में राजा दशरथ के महल में हुआ था। हिंदूओं के लिए रामनवमी का त्योहार बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इस दिन मंदिरों को सजाया संवारा जाता है और भगवान राम और माता सीता की विधि विधान से पूजा-आराधना की जाती है। हर वर्ष रामभक्त रामनवमी पर पूजा अर्चना करने के साथ एक दूसरे को रामनवमी की शुभकामना संदेश भेजते हैं। इस समय सत्य की स्थापना की पूर्ति के लिए प्रभु का अवतार हुआ था ।तभी तो वे जन जन के आदर्श बन गए हैं। आपको बता दे की मंदिर परिसर में भक्तों ने रामनवमी के उपलक्ष में बड़े विधि विधान पूर्वक घंटी घड़ियाल के साथ आरती हवन पूजन कर भगवान का आशीर्वाद मांगा मंदिरों में पूजा अर्चना कर भक्तों को प्रसाद वितरण किए गए। और महिलाओं ने भगवान श्री राम के दरबार में खूब जम के कीर्तन भजन के गीत गाए इस अवसर पर जारी के बड़े हनुमान जी के मंदिर परिसर में कृपा शंकर तिवारी , छोटे लाल गुप्ता, रंजीत गुप्ता ,मुरारी केसरवानी ,शिवराम अग्रहरी ,धर्मेंद्र केसरवानी ,ओम प्रकाश गुप्ता, लाल जी श्रीवास्तव ,मुन्ना केसरवानी ,महिलाएं, बच्चों ,सहित आदि भक्तगण आरती में सम्मिलित रहे।

कन्या पूजन कर प्रदान किए पाठ्य सामग्री

नैनी। युवा भाजपा नेता पं. रामजी मिश्र 'अधिवक्ता 'द्वारा वार्ड ३३काजीपुर नैनी के महरापुरवा मोहल्ले में कन्या पूजन एवं भोज का भव्य आयोजन कर देवी स्वरूप कन्याओं को पाठ्य सामग्री प्रदान कर बच्चो से प्रतिदिन विद्यालय जाकर मन लगाकर पढ़ते हुए परिवार एवं राष्ट्र का नाम रोशन करने का संदेश दिया ।इस पुनीत अवसर पर क्षेत्रीय जनों के साथ भाजपा नैनी मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष रजत दुबे, सेक्टर संयोजक श्याम मिश्र, राकेश यादव, सन्तुष्टम शुक्ल अधिवक्ता, विनय सिंह बंटी , रितेश शुक्ल,समर सिंह, विमल गुप्ता, संतोष सिंह, प्रमोद शर्मा, गुड्डू मिश्र, अनिल भारतीय, एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

आग लगने से दो सगे भाइयों का आशियाना जल कर राख

खुलें आसमान में रहने को मजबूर, लाखों का नुकसान

करछना। थाना क्षेत्र के भडेवरा गांव निवासी दो सगे भाइयों के किसानों के कच्चे खपरैल मकान में शनिवार देर रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई । जिससे दोनों भाइयों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। जिससे लोग बेघर होकर उनके परिजन खुले आसमान के नीचे आ गए ।? वहीं परिजन बेहद चिंतित व मायूस हैं। करछना थाना क्षेत्र के भडेवरा गांव निवासी सुरेश कुमार पांडेय के कच्चे खपरैल मकान में शनिवार देर रात्रि में आग लग गई । आग की लपटें देख परिजनों के होश उड़ गए। सो रहे परिजन भाग कर बाहर आकर शोर मचाने लगे । विकराल आग ने पड़ोस में स्थित रमेश कुमार पांडेय के कच्चे मकान को भी अपनी जद में ले लिया । और जहां परिजन बाल-बाल बच गए। वहीं दोनों परिवारों की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की तथा सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों की ओर से घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक खाद्यान्न समेत गृहस्थी के अन्य सारे सामान जलकर राख हो गया था। संबंधित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजमणि विश्वकर्मा की ओर से इस घटना की जानकारी तहसील प्रशासन को दे दी गई है।

मेडिकल स्टोर में लगी आग दवाइयां जलकर राख

करछना। थाना क्षेत्र के पचदेवरा मिजार्पुर हाईवे रोड के बगल जन आरोग्य मेडिकल स्टोर में बीती रात बिजली की शॉर्ट सर्किट से आग लगने से मेडिकल स्टोर में रख्खी सभी दवाइयां जलकर खाक हो गई रात जानकारी होने पर दुकान मालिक मछुआ गांव निवासी शिव बहादुर ने दुकान पर पहुंचे और देखा दुकान में रख्खी सभी दवाइयां जलकर खाक हो गई थी जिससे हजारों रुपए का नुकसान हुआ वही रात आग लगने पर आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए प्रयास किया लेकिन बाहर से शटर बंद होने के कारण आग बुझाने में असफल है।

कौंधियारा में दम तोड़ रही प्राथमिक शिक्षा

कौंधियारा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा में सुधार के लिए व्यापक पैमाने पर धन खर्च किए जाने के बाद विकासखंड कौंधियारा में *प्राथमिक विद्यालयों में कोई सुधार नहीं है -प्राथमिक विद्यालय राम नेवाज का पूरा में जहां ताला बंद है, वही प्राथमिक विद्यालय जुगुल का पूरा में मात्र एक शिक्षा मित्र व एक छात्र उपस्थित रहे । प्राथमिक विद्यालय खुली में 4 अध्यापकों में 2 अध्यापक उपस्थित रहे, प्राथमिक विद्यालय कठौली में 6 अध्यापकों में तीन उपस्थित रहे, वही जेठूपूर में 5 में 2 अध्यापक उपस्थित रहे जिससे प्राथमिक विद्यालयों की कार्य प्रणाली का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

पत्रकारों की सुरक्षा की बात सदन के पटल पर रखेंगे : वाचस्पति

अखंड भारत संदेश

पत्रकारों को अंगवस्त्रम से सम्मानित करते बारा विधायक डॉ वाचस्पति

घूरपुर। पत्रकार समाज का ओ आईना है जो समाज की कुरीतियों को अपनी जान को जोखिम में डालकर अपनी कलम के माध्यम से उजागर करता है । उक्त बातें रविवार के दिन घूरपुर में नेशनल जर्नलिस्ट एसोसियेशन के बैनर तले पत्रकार सम्मान समारोह में पत्रकारों को सम्मानित करते हुए विधायक बारा डॉ वाचस्पति ने कही ।आगे उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह पत्रकारों की सुरक्षा की बात आगामी सदन में मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्र व महासचिव राजेन्द्र सिंह ने विधायक से बारा क्षेत्र में एक पत्रकार भवन की मांग की तो विधायक ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह स्थानीय राजस्व के अधिकारियों से बात कर जमीन का आवंटन कराते हुए विधायक निधि से पत्रकार भवन का निर्माण करवा कर पत्रकारों को समर्पित करेंगे । मंडल उपाध्यक्ष आर के शर्मा ने कहा कि देश के कई प्रदेशों में वर्तमान में पत्रकारों के उत्पीड़न मामले में सरकारें खामोश है। जिससे पत्रकारों को स्वयं सामूहिक रुप से अपनी सम्मान और सुरक्षा के लिए लड़ाई लड़नी होगी। महा नगरअध्यक्ष एसके यादव ने पत्रकार सुरक्षा कानून बनाये जाने की भी बात की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार सूबेदार सिंह ने की ।कार्यक्रम के संयोजक तहसील बारा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र लल्ला रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, राजहंस तिवारी, उज्ज्वल मिश्र, आरडी द्विवेदी, अखिलेश त्रिपाठी, अजयद्विवेदी, राजेश निषाद, अतुल यादव, मो. कमर, फूल कुमार, मयंक त्रिपाठी, रामबाबू पटेल आदि कई पत्रकार मौजूद रहे।

शंकरगढ़ में 12 अप्रैल को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

शंकरगढ़। 12 अप्रैल को नगर पंचायत शंकरगढ़ में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा का आयोजन विश्व हिन्दू परिषद व अन्य अनुषांगिक संगठनों और व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। विश्व हिन्दू परिषद नगर अध्यक्ष सुजीत केसरवानी ने बताया कि 12 अप्रैल को दोपहर दो बजे शंकरगढ के रामभवन चौराहे से मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी। उसके बाद तीन बजे से भगवान श्रीराम की भब्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा पूरे नगर पंचायत में भ्रमण करेगी। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शोभायात्रा में भाग लेने की अपील की है।

महंगे डीजल से रोडवेज के डीजल पंप बंद,निजी पंप से भराते हैं बसों में डीजल

प्रयागराज। पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा डीजल आपूर्ति के कामर्शियल रेट में बढ़ोतरी का असर दिखने लगा है। परिवहन विभाग की कार्यशाला में लगे डीजल पंप बंद हो गए हैं। इनसे डीजल की आपूर्ति की जाती थी। यहां से परिवहन निगम को बाजार के दाम से दो रुपये सस्ता तेल मिल रहा था। लेकिन, डीजल के कामर्शियल रेट में बढ़ोतरी के बाद दो रुपये की छूट तो समाप्त हुई ही, बाजार के दाम से भी पांच रुपये अधिक प्रति लीटर बढोतरी हुई। परिवहन निगम ने तेल कंपनियों के साथ अपना करार तोड़ लिया। अब शहर के दो निजी पंप पर बसों में डीजल भराया जा रहा है। जबकि कार्यशाला के पंप बंद होने से खरीदारी भी ठप है।

परिक्षेत्र में आठ डीजल पंप

प्रयागराज परिक्षेत्र में परिवहन विभाग के आठ डिपो (प्रयाग, जीरो रोड, लीडर, सिविल लाइंस, मिजार्पुर, प्रतापगढ़, लालगंज, बादशाहपुर) हैं और कुल 560 बसें हैं। सभी डिपो की कार्यशाला में एक-एक डीजल पंप भी है। जहां संबंधित डिपो की सभी बसों में डीजल भरा जाता था। हालांकि अब बाजार रेट पर शहर के धोबी घाट और बालसन डीजल पंप से बसों में डीजल भरा जा रहा है। कार्यशाला में डीजल पंप पर कार्यरत कर्मचारियों की ड्यूटी संबंधितपेट्रोल पंप पर लगा दी गई है। जो बसों में डीजल भरने का पूरा लेखा जोखा तैयार करते हैं।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया

पेट्रोलियम कंपनियों ने बल्क में मिलने वाले डीजल का मूल्य बढ़ा दिया था और छूट भी खत्म कर दी थी। इस वजह से अब बाजार से ही डीजल खरीदा जा रहा है। बाजार मूल्य और बल्क मूल्य समान होने अथवा छूट पर तेल मिलने पर पुनः कार्यशाला के डीजल पंप उपयोग में लाए जाएंगे।

जगराते में देवीगीतों पर झूमे भक्त

शंकरगढ़। शंकरगढ़ नगर पंचायत के सिंधी टोला में स्थित सिद्धात्री देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के पावन पर्व पर शनिवार रात माता का जगराता आयोजित किया गया। रात्रि 10 बजे आयोजित जगराते में लोक कलाकारों ने अपने गीतों के जरिए मां की आराधना करने का साथ-साथ उनकी महिमा का बखान भी किया। नगर पंचायत शंकरगढ़ के सिंधी टोला में स्थित सिद्धात्री देवी मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता का जगराता रखा गया?। जिसमें शाम से ही भक्तों का प्रारंभ हो गया था। जगराते का आयोजन देर रात तक चला। जिसमें कलाकारों ने गीत के जरिए मां की महिमा बखानी। सिद्धात्री मंदिर में नवरात्रि पर प्रतिदिन सुबह-शाम आरती की गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मान्यता है कि जो भी सिद्धात्री की शरण में अरसाद लेकर आता है, वह आज तक खाली नहीं गया?। जगतजननी सबकी झोली भरती हैं। माता का जगराता में सर्वप्रथम महागौरी के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर मां की आराधना की गई और उसके उपरांत जगराता शुरू हुआ।

सिंधी टोला के सिद्धात्री देवी मंदिर पर रातभर चला जगराता, तारा रानी की कथा के साथ हुआ समापन

उसके बाद रातभर मंदिर में गाजे-बाजे व ढ़ोल के साथ कलाकारों ने माता की भेंट (भक्ति गीत) गाकर जगराता में आए श्राद्धालुओं का मन मोह लिया। मां की आराधना में रात कब बीत गई, पता भी नहीं चला। जगराता के अंत में तारा रानी की कथा का आयोजन किया गया। ऐसी मान्यता है कि बिना तारा रानी की कथा के कोई जगराता पूरा नहीं माना जाता। तारा रानी की कथा को दारा केसरवानी ने सुनाई तो वहीं भजन कीर्तन व माता की भेंटे मुख्य रूप से रत्नेश सोनी, राहुल, भानू केसरवानी, राधा केसरवानी व उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सुबह की आरती व अरदाश कर अष्टमी का जगराता सकुशल संपन्न हुआ। जगराता में रोहित केसरवानी, मनोज केसरवानी, राजा बाबू, अजय, निखिल केसरवानी, उमा वर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, राज, सुरेश गोस्वामी, तुलसी गोस्वामी, अंकित, शत्रुघ्न केसरवानी, प्रांशु पंडित, राजेश केसरवानी, डोसू मौजूद रहे।

जगतजनी की आराधना के साथ पूजी गई कन्याएं

बुड्ढी मईया मंदिर पर माँ की आरती में जुटे भक्त

अखंड भारत संदेश

झूंसी। चैत्र नवरात्र महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को हर तरफ उल्लास का माहौल रहा। माँ दुर्गे के नवमं स्वरूप सिद्धिदात्री की भक्तो ने धूप, दीप, नैवेद्र, नारियल, पुष्प, चुनरी अर्पित कर यश वैभव की कामना की। कुंवारी कन्याओं का भी विधि-विधान से पूजन अर्चन किया गया। जमुनीपुर स्थित माँ ऐन्द्री धाम, कोटवा के अन्नपूर्णा धाम बुड्ढी मैया मंदिर, शीतला माता मंदिर व काली माता मंदिर में सिद्धिदात्री का भव्य सिंगार किया गया 9 दिन तक चले दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान का हवन के साथ समापन हुआ शाम को महा आरती के बाद हलवा पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। मंदिरों व घरों में भक्तों ने कन्याओं के पांव पखार कर भोजन कराकर भाक्तो ने यथा संभव दान कर सुख समृद्धि की कामना की। नवरात्र महापर्व के आखिरी दिन हर तरफ चहल पहल का माहौल रहा हर तरफ देवी के सुहावने गीत बचते रहे। दक्षिणी कोटवा स्थित शीतला माता मंदिर पर नवरात्र महोत्सव समाप्ति के बाद सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया है।

मां सिद्धिदात्री का पूजन हवन सहित प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया

सहसों। नव संवत्सर के वासंतिक नवरात्र के 9वें दिन श्रद्धालु भक्तों ने आदि शक्ति जगदंबा के 9वां रूप मां सिद्धिदात्री का पूजन हवन पश्चात रामनवमी पर प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव विधि-विधान से वैदिक मंत्रों द्वारा पूजन, अर्चन, आरती, वंदना सहित जन्म उत्सव मनाया गया। क्षेत्र में रामनवमी के अवसर पर सहसों स्थित राम जानकी मंदिर में पुजारी राजधर पांडे ने नवरात्रि की नवमी पर मां जगदंबा की पूजन हवन के पश्चात मंदिर में भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम राम का जन्मोत्सव मनाया तत्पश्चात श्री राम जानकी,लक्ष्मण सहित हनुमान जी का विधान पूर्वक पूजन,अर्चन, स्तुति के साथ आरती की गई। तत्पश्चात उपस्थित भक्त जनों में प्रसाद वितरण किया गया। इसी प्रकार नवदुर्गा सेवा समित सहसों के तत्वाधान में 9 दिन मां दुर्गा की पूजा पाठ, जागरण के साथ नवरात्रि की विधि विधान से पूजा, अर्चना करते हुए आचार्य पंडित दिनेश चन्द्र शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर राम जानकी मंदिर सहसों के व्यवस्थापक कैलाश चन्द केसरवानी ने कुमारी कन्याओं को भोजन खिला कर उन्हें वस्त्र, मुद्रा दक्षिणा स्वरूप भेंट कर उनका चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार क्षेत्र के दुर्गा मंदिर रामनाथ पट्टी, देवी चौरा इनायतपुर, माता मसूरिया मैया चकिया घरहरा, दुर्गा मंदिर ललचहां, चौरा माता मंदिर सिंगरामऊ सहित आदि गांव में श्रद्धालु भक्तों ने माता की उपासना कर हवन इत्यादि के साथ भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव मनाते हुए उनकी स्तुत एवं आरती कर जगत कल्याण के लिए प्रार्थना किया।

खबर संक्षेप

नौगवां ग्राम प्रधान का भतीजा अवैध तमंचा लहराते फोटो वायरल

कौंधियारा। सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे के साथ वायरल हो रही यह फोटो कौंधियारा विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा नौगवां के ग्राम प्रधान मानिकचंद यादव के भतीजे हैं जिनका नाम है बबलू यादव पुत्र राम जी यादव है। वही ग्राम प्रधान नौगवां मानिकचंद यादव जहां पत्रकारों को जान से मारने की धमकी देते हैं तो वही उनका भतीजा अवैध तमंचा लहराते हुए दिखता है।

पीडीए की लगातार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से भू माफिया परेशान

कार्रवाई के दौरान पीडीए के छोटे बड़े अधिकारियों के बजने लगते हैं फोन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। भू-माफिया की काली कमाई से तैयार किए गए अवैध भवनों और प्लाटों को ढहाने का काम लगातार प्रयागराज विकास प्रधिकरण की ओर से किया जा रहा है। 12 दिनों में पांच सौ बीघा से अधिक जमीन पर बने 2523 भूखंडों की बाउंड्री तोड़ी जा चुकी है। ऐसे में अवैध ढंग से जमीन का काम कर दौलत बनाने वाले लोग परेशान हैं। उनकी बेचैनी अब दिखने लगी है।

अवैध बने बाउंड्री को गिराता पीडीए का जेसीबी मशीन

कार्यवाही के दौरान मौजूद पुलिस फोर्स

जेसीबी पहुंचते ही बजने लगते हैं अधिकारियों के फोन

पीडीए की इस कार्रवाई से भू माफिया तो परेशान हैं ही। सफेदपोश राजनेताओं में भी खलबली मच गई है। अवैध निर्माण स्थल पर जैसे ही बुलडोजर पहुंचता है। सफेदपोश राजनेताओं के फोन पीडीए के छोटे बड़े अधिकारियों के पास घनघनाने लगता है। यह किसी एक कार्रवाई के दौरान नहीं बल्कि सभी अवैध प्लाटों पर कार्रवाई के दौरान देखा जा सकता है। भू माफियाओं के अवैध निर्माण को ढहाने से रोकने के लिए प्रयागराज के ही नहीं प्रतापगढ़, लखनऊ, दिल्ली से भी कार्रवाई को रोकने के लिए फोन आते हैं।

जेसीबी पहुंचते ही भू माफिया बनने लगते हैं मंत्री के करीबी मंत्री और सांसद का करीबी बताकर रोकने का करते हैं प्रयास

पीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि चार दिन पहले झलवा की ओर अंजनी यादव, बसपा नेता अतुल द्विवेदी और अशरफ सहित अन्य लोगों के द्वारा किए गए अवैध प्लाटिंग को ढहाने के दौरान भी पीडीए की ओर से की जाने वाली कार्रवाई को स्थगित कराने का प्रयास सफेदपोश राजनेताओं की ओर से किया गया। फोन में सांसद विधायक और मंत्री का करीबी होने की बात कहते हैं लेकिन फिलहाल पीडीए अफसर दबाव में नहीं आते।

नक्शा पास नहीं तो ढहेगा निर्माण

अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई होती रहेगी। जिनका नक्शा पास होगा वहीं निर्माण बचेगा। इसके अलावा सब ढहाया जाएगा। अवैध निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा। अरविंद चौहान, उपाध्यक्ष, पीडीए।

पिस्टल की नोक पर प्रदेश अध्यक्ष पर हमला, घायल, कार में की तोड़फोड़

सोने की जंजीर, नकदी सहित दस्तावेज हमलावर छीन कर फरार, एक नामजद सहित आधा दर्जन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

नैनी। कोतवाली क्षेत्र के अरैल ढाल के समीप बीती रात पिस्टल की नोक पर मनबढ़ बदमाशों ने प्रदेश अध्यक्ष भारतीय गौ रक्षा संघ जिला महामंत्री हिंदू युवा वाहिनी प्रयागराज पर हमला कर दिए। जिससे हड़कंप मच गया। हालांकि किसी प्रकार आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर प्रदेश अध्यक्ष को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया, तब कहीं जाकर उनकी जान बच पाई। आरोपियों की पिटाई से वह घायल हो गए। बदमाशों ने नकदी समेत आभूषण छीन कर फरार हो गए। भुक्तभोगी की तहरीर मिलने पर नैनी कोतवाली में एक नामजद सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के माधोपुर, खरकौनी के रहने वाले सर्वेश कुमार द्विवेदी पुत्र अशोक कुमार द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष भारतीय गौ रक्षा संघ जिला महामंत्री हिंदू युवा वाहिनी प्रयागराज की पद पर दायित्व निर्वाहन करते हैं। वह शनिवार रात लगभग 11:00 बजे उक्त थाना क्षेत्र के अरैल से कार द्वारा अपने घर की ओर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह अरैल ढाल के समीप पहुंचे फिल्मी स्टाइल में पिस्टल की नोक पर आधा दर्जन हमलावरों ने कार समेत उन्हें रोक लिए और पुरानी बातों को लेकर कहासुनी करने लगे। बात आगे बढ़ी तो हमलावरों ने कार के अंदर से उन्हें घसीट कर सड़क पर ले आए और जमकर राड से पिटाई करने लगे। जिससे वहां पर हड़कंप मच गया। इतना ही नहीं भुक्तभोगी के गले से लगभग दो तोले की सोने की चैन और जेब में रखे लगभग 26 हजार रुपए सहित जरूरी दस्तावेज छीन लिए और कार को क्षतिग्रस्त कर दिए। शोरगुल की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने प्रदेश अध्यक्ष को जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके वारदात से फरार हो गए। भुक्तभोगी की तहरीर मिलने पर पुलिस ने शुभम निषाद पुत्र अज्ञात समेत आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ नैनी कोतवाली में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।



हमलावरों की पिटाई से प्रदेश अध्यक्ष घायल व कार में की गई तोड़फोड़

राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय महामंत्री बने सुशील शुक्ल, मिल रही बधाई

कोरॉव। राष्ट्रीय कवि संगम के 45 दिवसीय राम वन गमन पथ काव्य यात्रा के समापन अवसर पर राष्ट्रीय कवि संगम संगठन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के समापन अवसर पर राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू जगदीश मित्तल ने काशी प्रांत का पुनर्गठन किया जिसमें प्रयागराज के चर्चित गीतकार सुशील शुक्ला हर्ष को प्रांतीय महामंत्री का दायित्व सौंपा। इस अवसर पर देश के प्रख्यात कवि डॉ हरिओम पवार योगेंद्र शर्मा जैसे समान साहित्य जगत की विख्यात हस्तियां मौजूद रहीं एवं देश के प्रख्यात संत बाबा सत्यनारायण मौर्य स्वामी चिदानंद जी रामटेक आश्रम के महंत स्वामी अजय भैया जी , अशोक बत्रा जी ,शंभू मनहर जैसी विभूतियां उपस्थित रहीं । सुशील शुक्ल हर्ष जी की इस उपलब्धि पर काशी प्रांत के समस्त पदाधिकारियों एवं कवियों ने उन्हें बधाइयां दी जिसमें प्रमुख रुप से मनोज चौहान, डा.शिवा त्रिपाठी सरल, प्रियंका राय ,प्रतिमा मिश्रा, अशोक बेशरम ,संतोष समर्थ,लवलेश यदुवंशी, कृष्णा कामिल, बबलू सिंह बहियारी,मुन्ना मासूम अमित आभाष ,नंद शंकर पाठक, अभिजीत त्रिपाठी एवं कोरांव के वरिष्ठ समाजसेवी एवं साहित्य सेवी तथा राजनैतिक व्यक्तियों ने उन्हें बहुत-बहुत बधाइयां जी जिनमें प्रमुख रूप से शशी द्विवेदी, डॉ अनिल पांडेय, गणेश प्रसाद मिश्र, गणेश तिवारी, अनूप मिश्रा, कपिल शुक्ल, रमेश तिवारी, अग्नि प्रकाश शर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे ।

न्यूज झरोखा

राम नवमी पर राम भक्तों ने दिब्य भब्य शोभा यात्रा निकाली

सिरसा। प्रयागराज मेजा क्षेत्र रामनगर बाजार में राम नवमी के उपलक्ष्य में श्री राम नवमी शोभा यात्रा निकाली गई। जो सामुदायिक स्वास्थय केंद्र रामनगर से निकल कर चिरैया मोड़ ,रामनगर बाजार, माँ शीतला धाम से होते हुए डोरवा मोड़ पर समाप्त हुए। जिसमे हिन्दू मुस्लिम भाई चारा का सामंजस्य देखने को मिला जिसमें न्यू इस्लामिया कमेटी (प्रयाग मेडिकल) के द्वारा भक्तों के लिए शर्बत की ब्यवस्था ,सचिन जनरल स्टोर (रमेश केशरी) के तरफ से प्रशाद ,शर्बत की ब्यवस्था की गई। जुलूस में जय श्री राम, जय हनुमान, रामराज अब आएगा ....भगवा जग में छाएगा। उत्साह के साथ नारा लगाते हुए जुलस आगे बढ़ता रहा। बैंड बाजे व डीजे के साथ सुंदर-सुंदर झांकी का प्रदर्शन देखने को मिला। राधा कृष्ण सुदामा, भगवान शंकर माँ पार्वती व राम दरबार की झांकियो ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रसाशन की सुरक्षा ब्यवस्था चाक चौबंद थी। आयोजक मण्डल प्रभात सिह (दीपू), चेतु शर्मा, दीपक सिंह, रिक्कू सिंह, सोनू, दूधनाथ सिंह, मुन्ना पांडेय, प्रधान प्रतिनिधि नीरज यादव, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि बबलू बिंद, मोती लाल पाल धनगर, उमाशंकर पंडा, संजय केशरी, आनंद केशरी, ओपी विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, प्रेमा नन्द मिश्रा (पत्रकार) ठाकुर पंडा, राम कैलाश विश्वकर्मा (पत्रकार), शंकर लाल केशरी, ईश्वर चन्द्र, देवानन्द पटेल (एडोकेट), संजय यादव, रामानन्द कुशवाहा (मास्टर जी), मनोज बिंद, अरविंद दुबे,लाल मनी पटेल, बिंदु पाल, शिवकांत सोनू पंडा, जाकिर राजू, सिकन्दर, डॉक्टर राजेन्द्र बिंद, प्रदीप यादव, शमशेर यादव, देवेश यादव आदी प्रमुख भक्तों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया।

फ्लालेस एंड फियरलेस संस्था ने आयोजित किया ईद मेला

प्रयागराज। करेली फ्लावर्स एंड फीयरलेस संस्था की ओर हुनरमंद महिलाओं की प्रतिभा को निखारने और जरूरतमंद महिलाओं की मदद के मकसद से आयोजित दो दिनी ईद मेला शनिवार से प्रारंभ हुआ,नुरुल्लाह रोड स्थित शगुन पैलेस में लगे मेले में तकरीबन 45 स्टाल सजाए गये। मेले में एक छत के नीचे तरह-तरह की जरूरत की चीजें देखकर महिलाएं ज्यदा उत्साहित रहीं, मेले में हर धर्म जाति के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, मेले में करेली मीरापुर स्टैनली रोड, सिविल लाइंस ,अतरसुइया सहित शहर के कई क्षेत्रों से आई महिलाओं ने स्टाल लगाए थे संस्था अध्यक्ष असरा नवाज कि देख रेख में लगे मेले में शगुन पैलेस के ओनर शाहिद कमाल खान बबलू सहित कोमल श्रीवास्तव ,तूहीना द्विवेदी,फातिमा इकबाल,कुलसुम खान,नसरा सिद्दीकी, अतुल्या सिंह,काजमीन सिद्दीकी सहयोगीं रहीं।

जय श्री राम, हर हर महादेव से गुंजायमान हुआ जंघई बाजार

जंघई। रामनवमी के अवसर पर श्री राम जानकी मंदिर जंघई से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में घोड़े, डीजे गाजे बाजे के साथ प्रभु श्रीराम की भव्य झांकी निकली जो कि श्रीराम जानकी मंदिर से बाबानगर, दुगार्गंज बाईपास, जंघई बाजार में होते हुए जंघई कॉलोनी से पुनः श्री राम जानकी मंदिर पर समापन हुआ।जंघई बाजार को पूरी तरह भगवा झंडे एवं भगवा तोरण से सजाया गया है। यात्रा में ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, प्रधान जंघई फूलवंती देवी, पिलखिनी प्रधान बच्चन मिश्रा, सूर्यप्रकाश शुक्ला, विहिप प्रखंड अध्यक्ष अशोक दुबे, अखिलेश पांडेय, राजू सिंह, महेंद्र जायसवाल, बबलू इलाहाबादी, आशीष शुक्ला,शैलेश पाठक, आयुष जायसवाल, गुलाब, धर्मराज तिवारी, रोहित जायसवाल, विक्की जायसवाल, राजन, मनीष, नीरज, ऋषि, सुजीत, बंटी, बॉबी, सोनी आदि लोग मौजूद रहे सुरक्षा व्यवस्था हेतु थानाध्यक्ष सरायममरेज एवं चौकी इंचार्ज जंघई मौजूद रहे।

कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ

करछना। करछना के जगदीशपुर गांव में जन कल्याण हेतु सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ रविवार रामनवमी से हुआ । श्री राम कथा के पहले दिन रविवार को गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से कलश सहित शोभायात्रा भी निकाली गई। जिसमें भक्तजनों ने सिर पर कलश और रामचरितमानस को लेकर गांव मे जय श्री राम के उद्घोष से परिक्रमा किया। कथा के व्यासपीठ पर विराजमान श्रृंगवेरपुर धाम के महंत श्री श्री 1008 श्री कमल दास महाराज जी ने लोगों को उप देशित करते हुए बताया कि राम वे है जो श्री से युक्त हैं । और राम वे है जो धीर धरते हैं । उन्होंने राम के गुण मयार्दा पराक्रम शिष्य प्रेम के साथ उनकी अनुकंपा अपरंपार है। आदि गुणों का उन्होंने बखूबी बखान किया । उन्होंने कहा कि जहां राम का नाम है वहां शिष्य हनुमान का नाम है। उन्होंने कथा श्रवण पर भक्त जनों से अपील की। मुख्य श्रोता यजमान सतीश कुमार द्विवेदी पत्नी सरोज देवी ने कथा व्यास का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस मौके पर वागीश शुक्ल रजनीश शुक्ल मनीष शुक्ल उमाशंकर द्विवेदी रमाशंकर द्विवेदी संतोष द्विवेदी पिंटू पांडेय आशु पांडेय अंजनी द्विवेदी अजीत सुजीत सचिन आकाश अमन देव द्विवेदी आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

मंत्री नन्दी ने कैरम चैंपियन अब्दुल रहमान को उनके घर जाकर किया सम्मानित

प्रयागराज। 1971 में उप्र कैरम एसोसिएशन का गठन होने के बाद पहली बार नेशनल कैरम प्रतियोगिता में एकल चैंपियनशिप जीत कर प्रयागराज का नाम गौरवान्वित करने वाले कैरम खिलाड़ी अब्दुल रहमान को आज कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने उनके घर जाकर सम्मानित किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि कैरम खिलाड़ी अब्दुल रहमान की प्रतिभा पर पूरे प्रयागराज को गर्व है। उन्होंने प्रयागराज का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। मंत्री नन्दी ने कहा कि ऐसी प्रतिभाओं पर प्रयागराज को गर्व है। प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मेरे स्तर से जिस भी तरह के सहयोग की जरूरत होगी, उसे पूरा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने आज सीनियर नेशनल कैरम प्रतियोगिता में एकल चैंपियन जितने वाले अब्दुल रहमान जी को उनके आवास 346सी वासियाबाद कॉलोनी शास्त्रीनगर, नुरुल्लाह रोड पर जाकर उन्हें सम्मानित किया।पिछले दिनों मुंबई में 49वीं सीनीयर नेशनल कैरम प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज के अब्दुल रहमान एकल चैंपियन बने। उन्होंने पूर्व विश्व चैंपियन आरबीआई के दिग्गज खिलाड़ी जहीर पासा को फाइनल में दो सीधे सेटों में 25-0, व 23-17 से हराया। इस जीत के साथ अब्दुल रहमान ने रिकॉर्ड भी बनाया है। 1971 में एसोसिएशन के गठन के बाद से यह पहला मौका है कि किसी खिलाड़ी ने एकल चैंपियनशिप जीता है। अब्दुल रहमान ने दिसम्बर 2021 में वाराणसी में हुए 26वें आल इन्डिया फेडरेशन कप कैरम टूनार्मेंट में दूसरा स्थान पाया था। दोनों प्रतियोगिताओं में स्थान पाने के बाद अब्दुल रहमान को मलेशिया में अक्तूबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम से टिकट भी मिल गया है।

अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बेटे की मौत मां गंभीर

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। मेजा थाना क्षेत्र में रफ्तार के कहर ने ली एक युवक की जान तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो गाड़ी ने बाइक सवार मां और बेटे को टक्कर मार दिया जिसमें घटनास्थल पर ही बेटे की मौत हो गई तथा मां को गंभीरावस्था में सीएचसी में इलाज के लिए दाखिल कराया गया।मिली जानकारी के अनुसार विजय शंकर पटेल (22) पुत्र स्वर्गीय संतोष पटेल निवासी चपौर अपनी मां सरोज देवी के साथ बाइक से कोहड़ार से रिश्तेदार की मिट्टी में शामिल होने के बाद बाइक से घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह मेजा थाना क्षेत्र के अखरीशाहपुर आइसक्रीम फैक्ट्री के पास पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा में आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर मे विजय शंकर की मौके पर ही मौत हो गई। तथा मां गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना की जानकारी पर मेजा कोतवाल धीरेंद्र सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए घायल महिला को इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा में भर्ती कराया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाल धीरेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। परिजनों की तहरीर पर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

सड़क हादसे में सब इंस्पेक्टर समेत चार घायल

शंकरगढ़। प्रयागराज-बांदा राजमार्ग में कपारी के पास स्कार्पियो की टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शंकरगढ़ सीएससी में प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत होने पर इनको एसआरएन हॉस्पिटल रिफर किया गया। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के हीरा फिलिंग स्टेशन कपारी के पास रविवार की शाम श्यामलाल तिवारी एलोपीबाग प्रयागराज, मोहम्मद इब्राहिम उम्र 58 वर्ष पुत्र मोहम्मद मगरू डांडी महेवा कहीं जा रहे थे, तभी कपारी के निकट स्कॉर्पियो गाड़ी की चपेट में आने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों को 108 एंबुलेंस से शंकरगढ़ सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत एसआरएन हॉस्पिटल रिफर कर दिया। इसी तरह शंकरगढ़ क्षेत्र के गोबर हेवार के पास सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार उम्र 45 वर्ष किसी काम से कहीं जा रहे थे, तभी किसी ने पीछे से ओवरटेक किया और ये लड़खड़ा कर गिर गए और गंभीर चोट आई। इनका भी इलाज सीएचसी शंकरगढ़ में किया गया।

वैश्विक महामारी के बाद पुनः प्रारंभ हुआ मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला

अखंड भारत संदेश

लेडियारी। प्रयागराज।वैश्विक महामारी पर सफलतापूर्वक काबू पा लेने के बाद एक बार पुनः मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्रदेश भर के सभी ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित किया गया' यह मेला समाज के अंतिम पायदान के लोगों को सुलभ चिकित्सा व्यवस्था मुहैया कराने हेतु माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 2 अप्रैल 2020 को इसकी शुरूआत की गई थी इसका मुख्य उद्देश्य गरीब तबके के लोगों को एक ही स्थान पर चिकित्सीय परामर्श जांच व दवाओं की निशुल्क सुविधा मिल सके' इसी कारण यह मेला जनसामान्य में बहुत ही लोकप्रिय रहा परंतु वैश्विक महामारी में लोगों को संक्रमण से बचाने के लिए कुछ समय के लिए इस पर रोक लगा दिया गया था।वैश्विक महामारी पर सफलतापूर्वक काबू पाने के बाद इस मेले को पूरे प्रदेश भर में इस रविवार से पुनः प्रारंभ किया गया इसी क्रम में कोरांव तहसील अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खीरी में भी मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें आसपास गांव के दर्जनों मरीज पहुंचे जिनको डॉक्टरों के माध्यम से उचित परामर्श व दवाइयां निशुल्क वितरित की गई' जानकारी के अनुसार रविवार को खीरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ओंकार नाथ केसरवानी के द्वारा फीता काटकर किया गया मौके पर कोरांव स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक डॉक्टर के बी सिंह ,डॉ उमेश ,फार्मासिस्ट राज नारायण पटेल, अंकित शुक्ला, कृष्णा कुशवाहा, एनम श्यामा देवी आशा कार्यकत्री शशी शोक, नेहा, गीता, राजकली, सुषमा मिश्रा, कोमल, लवकुश कुशवाहा उपस्थित रहे उक्त कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के बंद रास्ते और पेयजल की समस्या का समाधान की चर्चा भी जोरो पर रही।

धरवारा के डाभी में जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला 10 अप्रैल को

करछना। ब्लॉक करछना के डाभी गांव स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरवारा में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला 10 अप्रैल रविवार को आयोजित हुआ । जिसमें चिकित्सकों की ओर से मेले में मौजूद सभी रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर के उनमे निशुल्क दवाइयां भी बांटी गई। आरोग्य मेले में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे भाजपा भीरपुर मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष अलख नारायण शुक्ल ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला के विषय में लोगों में अनेक जानकारियां देते हुए और लोगों से प्रत्येक रविवार लगने वाले इस मेले का लाभ लेने की अपील की। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरवारा के चिकित्सा अधिकारी डॉ एम के शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में निशुल्क में मरीजों का पंजीकरण करके सभी रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके कुल 55 रोगियों में दवाइयां भी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि मेले में मलेरिया बुखार फाइलेरिया आदि से संबंधित सभी रोगों की जांच के बाद उन्हें दवाइयां दी गई । उन्होंने मेले में मौजूद लोगो को टीकाकरण सहित बच्चों में डायरिया और निमोनिया की रोकथाम बचाव एवं उपचार की जानकारी भी दी । और लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से साफ सफाई रहन-सहन और खान-पान के विषय में तौर-तरीके भी बतलाए । इस मौके पर डॉ दीपक कुमार फार्मासिस्ट फूलचंद्र सिंह पूर्व ग्राम प्रधान धरवारा व भाजपा नेता पवन कुमार मिश्र रेवती रमण तिवारी सुशील कुमार शुक्ला शेखर मिश्रा उमाकांत पांडेय विकास पांडेय अतुल तिवारी सफाई कर्मी रंगलाल आदि लोग मौजूद रहे।

एनएसयूआई ने मनाया 52 वां स्थापना दिवस

प्रयागराज। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई 9 अप्रैल 1971 को इंदिरा गांधी जी ने छात्रों का मजबूत संगठन की नींव रखी थी एनएसयूआई प्रयागराज के जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि एनएसयूआई कोरोना जैसे वैश्विक महामारी में अपने जान पर खेलते हुवे फंसे छात्रों, राहगीरों व वंचितों तक राशन सामग्री से लेकर ब्लड डोनेशन, ऑक्सीजन पहुचाने और हॉस्पिटल में बेड,मास्क सेनेटाइजर इत्यादि में लगातार सेवारत रहने वाली एकमात्र छात्र संगठन रही है। स्थापना दिवस के मौके पर तमाम जगहों मलिन बस्तियों में बच्चो को किताब,कॉपी पेंसिल अनाथ आश्रम में बच्चों को जरूरत मंद सामग्री वितरण की गई।तत्पश्चात पदाधिकारियों व कार्यकताओं की एक बैठक गोष्ठी हुवी साथ ही सागर मौर्य,शमीम खान,विक्रमादित्य मौर्य इत्यादि लोग संगठन में सदस्यता भी लिए। कार्यक्रम के दौरान अक्षय यादव क्रांतिवीर,चंद्रशेखर अधिकारी, हरिकेश हैरी, धनंजय कुशवाहा, संजीव पाठक,नीतीश सिंह, रजत मिश्रा, अमित द्विवेदी, वैभव सिंह, आदर्श भदौरिया, सागर सोनकर, देवेंन्द्र सिंह, अमन गुप्ता, सौरभ द्विवेदी, वीरेन्द्र यादव, अरबाज खान इत्यादि लोग रहें।

मोहनलाल इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया पांचवी वर्षगांठ

मुख्य अतिथि सिद्धार्थ नाथ सिंह ने किया दीप प्रज्वलित

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते मुख्य अतिथि

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मोहनलाल इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को पांचवी वर्षगांठ बच्चों द्वारा आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह तथा बहादुरपुर ब्लाक प्रमुख अरुणेंद्र यादव रहे कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई ' पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर बच्चों के द्वारा रंग - रंग के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए वही मुख्य अतिथि ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए कार्यक्रम की सराहना किए तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

पूजी गई मां सिद्धिदात्री, हवन, पूजन, कन्याभोज के साथ पूरा हुआ नवरात्र

पौराणिक देवीधामों में भक्तों दिखा भक्तों को रेला, घरों व देवीधामों में कन्याभोज का आयोजन, बना देवीमय माहौल

बेल्हा देवी मंदिर में हवन-पूजन करती महिलाएं।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। रविवार को नवमी तिथि पर मां आदि शक्ति के नौंवे रूप मां सिद्धिदात्री के दर्शन-पूजन के लिए पौराणिक देवीधामों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। नारियल, चुनरी, माला, फूल, बताशा, मिठाई, फल आदि अर्पित कर भक्तों ने मातारानी से मन्नते मांगी। भोर में घंटघड़ियाल व शंख ध्वनि के बीच महाआरती से शुरू हुआ दर्शन पूजन का क्रम देर रात तक चलता रहा। वहीं भक्तों ने कन्याभोज कराने के साथ ही मुहूर्त के अनुसार विधि-विधान से हवन-पूजन कर अनुष्ठान पूरा किया। इससे पूरा वातावरण देवीमय बना रहा।

नवरात्र के अंतिम दिन नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री का विधान है। मां इस स्वरूप में आदि शक्ति की नव शक्तियां विद्यमान होती है। स्वरूप के दर्शन पूजन जीवन के सारे कष्ट मिट जाते है, और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। मां बेल्हादेवी धाम में भी मां सिद्धिदात्री के दर्शन को लेकर भक्तों का रेला लगा रहा। सुबह करीब 5 बजे महाआरती के बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ। दोपहर में दो बजे तक चलता रहा। इसके बाद पट बंद हो गया। फिर मां का विधि-विधान से श्रृंगार हुआ। दोपहर करीब 3 बजे के बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ। भक्तों ने पूरे विधि-विधान से मां का पूजन अर्चन किया। देरशाम तक दर्शन पूजन का दौर चलता रहा। रानीगंज तहसील क्षेत्र के मां बाराही देवी धाम में भोर में करीब चार बजे से ही भक्तों की लंबी कतार लग गईं। कपाट बंद था, अंदर मातारानी का श्रृंगार चल रहा था। मां का श्रृंगार होने के बाद करीब साढे. चार बजे घंटघड़ियाल व शंखध्वनि के बीच मां की महाआरती शुरू हुई तो माता रानी के जयकारे लगने लगे। बैरिगेटिंग में कतारबद्ध लगे सभी भक्त मां की भक्ति में लीन दिखे। महाआरती के बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ। मां के सिद्धिदात्री स्वरूप के दर्शन को लेकर भक्तों में गजब की आतुरता दिख रही थी। सभी पूरे श्रद्धाभाव से मां का दर्शन पूजन कर मंदिर परिसर में ही बने हवन कुंड में हवन भी किया। हवन कुंड में आहूतियां डाल कर सभी ने मन्नतें मांगी।

पट्टी कोतवाली में सरकारी शस्त्रो की हुई साफ-सफाई

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। रविवार को राम नवमी के अवसर पर पट्टी कोतवाली में सरकारी राइफल की साफ सफाई की गई जिसमें कोतवाली में तैनात एसआई, कांस्टेबल के साथ-साथ महिला कांस्टेबल मौजूद रहे। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को भगवान पुरुषोत्तम श्री राम का जन्म हुआ था और इसी दिन श्री राम नवमी मनाई जाती है। जहां इसको लेकर के कई धार्मिक स्थलों पर पूजा पाठ किया जाता है वही थानों में भी सरकारी शस्त्रों की साफ सफाई की जाती है। इसी क्रम में रविवार की दोपहर पट्टी कोतवाली में सरकारी शस्त्रों की साफ सफाई करते हुए पुलिसकर्मी दिखाई दिए। पट्टी कोतवाल नंदलाल सिंह के निर्देश पर पट्टी कोतवाली में तैनात एसआई हेड कांस्टेबल और सिपाही के साथ-साथ महिला कांस्टेबल भी सरकारी राइफल की साफ सफाई करते हुए दिखाई दिये।

हनुमान मुंदिर में पूजन करते रोशनलाल उमरवैश्य।

श्री हनुमान मंदिर चिलबिला में मनाया गया भव्य राम जन्मोत्सव

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला (तालाब) पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री रामचंद्र जी का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। चिलबिला नगरवासियों ने हनुमान जी महाराज की भव्य पूजा आरती की।

मंदिर समिति के महासचिव रोशनलाल उमरवैश्य राम जन्मोत्सव के समय 12 बजे जन्म होने पर पूजन अर्चन किया। सुबह से ही सुंदरकांड का पाठ व भजन कीर्तन भक्तों द्वारा गाकर पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया गया। भगवान के जन्म पर घंटो आतिशबाजी व महिलाओं ने सोहर गाकर रामलला का जन्म मनाया। इस अवसर पर सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, सुरेश अग्रवाल, कपिल देव, श्री त्रिभुवन लाल, बजरंग लाल, छेदीलाल, प्रमोद कुमार, देवानंद, संतोष कुमार, सूरज कुमार, नंदकिशोर, पंकज, प्रभात कुमार, राकेश कुमार, तुलसीराम, आशीष कुमार, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, सुरेश कुमार, सोनू, सनी आदि भक्तों ने आरती उतारी सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने मंगल गीत गाए। मंदिर समिति के महासचिव रोशनलाल उमरवैश्य ने हनुमान भक्तों के प्रति आभार जताया और हनुमान जी महाराज से सभी के लिए मंगल कामना की।

एटीएम से धोखाधड़ी कर पैसा निकालने वाले दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना कोहड़ौर पुलिस के द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के मदाफरपुर के इंडिया बैंक एटीएम के पास से दो व्यक्तियों को, चोरी के सात अदद एटीएम कार्ड विभिन्न बैंक के, एटीएम से धोखाधड़ी कर पैसे चोरी करने से सम्बन्धित दो अदद उपकरण, 10 हजार रु0 नगद चोरी के, एक मोबाइल, एक तमंचा, दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध में थाना कोहड़ौर पर मु0अ0सं0 82/2022 धारा 34, 419, 420, 467, 468, 471, 411 भादंवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रोहित शुक्ला उर्फ समर पुत्र स्व0 सुरेन्द्र शुक्ला नि0 बड़ा पुरवा थाना कोतवाली नगर व योगेश मिश्रा पुत्र आनन्द मिश्रा नि0 विक्रमपुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम दोनों एटीएम से फ्रॉड कर पैसे चोरी करने का काम करते हैं, हम लोग भिन्न-भिन्न बैंक व एटीएम के पास घूमते रहते हैं, और सीधे-साधे व्यक्तियों को देखकर धोखे से उनकी मदद करने के नाम पर उनका एटीएम कार्ड, अपने पास रखे डिवाइस की मदद से स्कैन कर लेते हैं व किसी न किसी बहाने से एटीएम धारक का पिन कोड देख लेते हैं, इसके बाद हम एटीएम कार्ड का क्लोन बना लेते हैं व पहले से देखे पिन कोड का प्रयोग कर किसी भी एटीएम बूथ से पैसा निकाल लेते हैं।

चोरी के 07 अदद एटीएम कार्ड, दो उपकरण, मोबाइल, तमंचा व नकदी बरामद

उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी में सम्मिलित पुलिस टीम को अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन के तरफ से 50 हजार रु0 के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

अग्निकाण्ड से प्रभावित किसानों से प्रमोद तिवारी ने की मुलाकात

फसल नुकसान की किसानों से जानकारी लेते प्रमोद तिवारी।

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने रविवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के मोठिन, सराय लालमती व प्रतापरूद्रपुर गांव पहुंचकर हाल ही में आकस्मिक आगजनी से फसल के नुकसान का जायजा लिया। प्रमोद तिवारी ने इन गांवों के अग्निकाण्ड में फसल नुकसान से प्रभावित पीड़ित किसानों से भी मुलाकात की। श्री तिवारी ने प्रभावित किसानों को स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से निजी और हर सम्भव शासकीय सहायता दिलाए जाने का भरोसा दिलाया। विधायक मोना द्वारा की गई निजी सहायता के अलावा प्रमोद तिवारी ने नुकसान प्रभावित मदद से छूटे कुछ किसानों की स्वयं की ओर से भी निजी सहायता राशि सौंपी। प्रमोद तिवारी अग्निकाण्ड से जले खेतों का जब अवलोकन करने पहुंचे तो फसल नुकसान से प्रभावित किसानों की आंखें भी प्रमोद तिवारी के सामने भर उठी दिखी। श्री तिवारी ने पीड़ित किसानों को ढ़ांढस बंधाते हुए अफसरों से फोनिक वार्ता कर शीघ्र इन्हें शासकीय सहायता राशि उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए।

आग की लपटों ने उजाड़ दिया गरीब का आशियाना, आसमान के नीचे आया परिवार

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से एक परिवार का आशियाना जलकर खाक हो गया और परिवार आसमान के नीचे आ गया। अब आसमान ही उनका छत है और धरती ही उनका घर। अपने जले हुए घर को देखकर पीड़ित के आंसू नहीं थम रहे है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के अमहरा गांव के रहने वाले विजय गौतम गरीब है। मेहनत मजदूरी करके किसी तरह वह अपने परिवार का गुजारा करता है। छोटे-छोटे बच्चों के साथ वह अपने छप्परनुमा घर मे रहता था।जिसमे रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई। थोड़ी देर में आग की लपटें उठी तो शोर शराबा सुनकर गांव वाले दौड़ पड़े हाथ में बाल्टी और पानी लेकर दौड़े लेकिन आग को बुझा नहीं सके जिससे विजय गौतम का आशियाना उसकी आंखों के सामने ही जलकर खाक हो गया। घर में रखा हुआ कीमती सामान और खाद्य सामग्री भी जलकर खाक हो गई। पहनने के लिए कपड़ा तक नहीं बचा। छप्पर के अंदर रखी गई बाइक भी पूरी तरीके से जलकर खाक हो गई। वहीं पशुओं को खिलाने के लिए चारा मशीन भी जलकर खराब हो गई। वहीं बिस्तर और दो कुंतल से अधिक अनाज भी आग की लपटों की चपेट में आकर जलकर नष्ट हो गया।

मोबाइल दुकानदार को बंधक बनाकर बदमाशों ने की तीन लाख की लूट, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं बदमाश

अखंड भारत संदेश

बाघराय, प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के बिहार बाजार स्थित पेट्रोल पंप के ठीक सामने पवन सिंह ने पवन मोबाइल शॉप सेंटर खोल रखा है। बीती रात पवन सिंह अपने घर चले गए दुकान पर बाहर पवन सिंह के पिता वासुदेव सिंह रात्रि में सो रहे थे, रात एक बजे के करीब अज्ञात नकाबपोश पांच बदमाश पहुंचे वासुदेव सिंह को रस्सी में बांध दिया एवं मुंह में कपड़ा भर दिया।

इसके बाद उन्हें ले जाकर मारपीट कर गड्ढे में फेंक दिया। वासुदेव सिंह से चाबी लेकर बदमाशों ने शटर का ताला खोलकर लगभग तीन लाख के मोबाइल के सामान उठा ले जाने में सफल रहे। बदमाशों के जाने के बाद किसी तरह वासुदेव सिंह ने इसकी सूचना अपने पुत्र पवन सिंह को दी। पवन सिंह ने रात्रि में ही सूचना पुलिस को दी। रात्रि में ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन करने में जुट गई। यद्यपि लुटेरों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर लुटेरों का पता लगाने में जुट गई है। इस बड़ी घटना से बिहार के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है वासुदेव सिंह भयभीत हो गए हैं उनका कहना है कि किसी तरह हमारी जान बच गई। इधर पवन सिंह का कहना है कि कुछ अराजक तत्व हमारी दुकान के पीछे पड़ गए हैं, कुछ दिनों पहले भी ऐसी घटना घटी थी।

घटना स्थल का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा।

घटना स्थल का अपर पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

बाघराय, प्रतापगढ़। अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा एवं फिंगर टीम ने पहुंचकर पवन मोबाइल शॉप की दुकान पर सघन जांच पड़ताल की। फिंगर टीम ने बदमाशों के निशान को जगह-जगह दुकान पर देखा। अपर पुलिस अधीक्षक ने दुकानदार पवन सिंह एवं दुकानदार के पिता वासुदेव सिंह से घटना की क्रमवार जानकारी ली। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया इस मामले में दो टीमें बनाई गई हैं जो दो दिन के अंदर घटना का खुलासा कर देंगी। मौके पर मौजूद भारी फोर्स एवं बाघराय पुलिस ने दुकान के चारों ओर दूर दूर जाकर लुटेरों के आने-जाने के निशान देखे एवं घटना की खुलासा के लिए अपनी जांच पड़ताल तेज कर दी।

सब दुख दूर हुए जब मैने तेरा नाम लिया-भार्गव मुनीष

कथा के सातवें दिन कृष्ण विवाह सुन मंत्र मुग्ध हुए स्रोता

लखनसेनपुर में चल रही भागवत कथा का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के लखनसेनपुर में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी भागवत कथा का शनिवार को समापन हुआ। इस दौरान वेद व्यास भार्गव मुनीष ने कहा कि नारायण का नाम मात्र से ही मनुष्य के सभी कष्ट दूर हो जाते है।वेद व्यास ने कृष्ण विवाह का मार्मिक वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि भगवान ने रूकमणी, सत्यभामा समेत आठ से विवाह किया उसके बाद नरकासुर का वध करके उसके द्वारा बन्दी बनाई गई सोलह हजार एक सौ कन्याओं से एक साथ विवाह रचाया। इस प्रकार भागवन के कुल सोलह हजार एक सौ आठ रानियां थी। साथ ही प्रत्येक रानियों ने 10 पुत्र व एक पुत्री को जन्म दी। इस प्रकार भगवान श्री कृष्ण के 161080 पुत्र व 16108 पुत्री थी। वेद व्यास ने श्री कृष्ण सुदामा के प्रसंग को भी सुनाया।मित्रता के प्रसंग को सुनकर उपस्थित श्रोताओं की ऑखे भर आई। आयोजक चन्द्रप्रताप सिंह प्रेमादेवी ने भगवान भागवत को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। वहीं दूर-दराज से प्रतिदिन आने वाले स्रोताओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर रजनीश सिंह, लल्लू राम पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, केशवदत्त पाण्डेय, अमर बहादुर सिंह ,पिंटू सिंह, अरूण सिंह, प्रमोद सिंह समेत सैकड़ों स्रोता मौजूद रहे।

भागवत कथा कहते वेद व्यास भार्गव मुनीष।

मारपीट में घायल महिला की हुई मौत

बीएचयू में चल रहा था इलाज, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। एक पखवाड़े पहले बच्चों से खेल-खेल में हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी, जिसमें एक महिला को गंभीर चोटें आई थी, जिसका इलाज बीएचयू में चल रहा था। रविवार को सुबह उसकी मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस पोस्टमार्टम इंतजार कर रही है। उसके बाद आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थानान्तर्गत वीगा गांव में एक पखवाड़े पहले बच्चों के कंचे खेलते समय दो पक्षों में मारपीट हो गई थी, जिसमें एक पक्ष के मनोजा देवी (40) पत्नी वीरेंद्र कुमार को काफी चोट आई थी। पीड़ित महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बीएचयू मेडिकल संस्थान में भर्ती कराया गया था, जहां पर उसका इलाज चल रहा था। उसकी मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका मनोजा देवी पत्नी वीरेंद्र कुमार के तीन बेटे हैं मनोजा देवी की मौत के बाद तीनों बेटे मां की ममता से महरूम हो गए। महिला का मायका शेखपुर खुटानी थाना महाराजगंज सुजानगंज जौनपुर में है। महिला की मौत के बाद जहां परिजनों में हाहाकार मच गया है।

पचास हजार के दो इनामी बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तगादा में युवक की किया था हत्या

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। उधार का पैसा ना देने पर तगादा कर रहे दो भाइयों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दिया। उसके बाद मामले में दोनों भाई फरार चल रहे थे। प्रशासन ने दोनों पर 50 हजार का इनाम राशि भी बढ़ा दिया था। रविवार को कंधई पुलिस ने एसटीएफ की मदद से दोनों को गिरफ्तार किया गया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत बाहूँपुर गांव के निर्मल पांडे ने वारीखुर्द निवासी शीतलाप्रसाद सरोज को उधार दिया था, जिसके लिए वह तकादा कर रहा था। पैसा ना देने की नियत से पिछले 8 अप्रैल 2021 को शीतला प्रसाद के दोनों बेटे ने रठवत गांव में निर्मल पांडे को बुलाकर हत्या कर दिया। जिसमें दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। दोनों शीतला प्रसाद सरोज के बेटे आदित्य सरोज उर्फ बिल्लू तथा अभिषेक सरोज आरोपी बनाए गए थे। हत्या के बाद से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे थे पुलिस को दोनों की तलाश थी लेकिन पुलिस की नजरों से दोनों लगातार बच रहे थे।

हर्षोल्लासपूर्वक मनी सम्राट अशोक की जयंती

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। समन्वय सेवा संस्थान प्रतापगढ़ के बैनर तले सम्राट अशोक महान की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी तथा धम्म बंधुओ द्वारा साधना की गयी। सम्राट अशोक पुस्तकालय में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता लीलावती व संचालन राकेश कनौजिया ने किया।

मुख्य अतिथि के रुप मे डा0 शिवमूर्ति मौर्य ने कहा कि अशोक अहिंसा, शान्ति तथा लोक कल्याणकारी नीतियों के विश्वविख्यात तथा अतुलनीय सम्राट हैं। एच. जी. वेल्स के अनुसार अशोक का चरित्र इतिहास के स्तम्भों को भरने वाले राजाओं, सम्राटों, धर्माधिकारियों, सन्त-महात्माओं आदि के बीच प्रकाशमान है और आकाश में प्रायः एकाकी तारा की तरह चमकता है। संचालन करते हुए राकेश कनौजिया ने कहा कि सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म स्वीकारने के बाद उन्होंने उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी किया। उमेश कनौजिया ने बताया कि सम्राट अशोक के चार मुखी शेरों का थाईलैण्ड में पाया गया। सी.पी.राव ने कहा कि सम्राट अशोक ने अहिंसा का मार्ग अपना कर एक शान्ति का संदेश दिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही लीलावती ने कहा कि सम्राट अशोक ने अशोक अहिंसा, शान्ति तथा लोक कल्याणकारी नीतियों के विश्वविख्यात तथा अतुलनीय सम्राट हैं। एच. जी. वेल्स के अनुसार अशोक का चरित्र इतिहास के स्तम्भों को भरने वाले राजाओं, सम्राटों, धर्माधिकारियों, सन्त-महात्माओं आदि के बीच प्रकाशमान है। कार्यक्रम में राम पियारी, सालिक राम मौर्य, अनीता मौर्य, गंगाराम मौर्य, विजय कुमार मौर्य, दिनेश कुमार, ओम प्रकाश, रामलाल मौर्य, महेश मणि, सूर्यबली, महरानी दीन, विकास मौर्य, बसंतलाल मौर्य, प्रताप बहादुर चैधरी, प्रशांत, विजय शंकर उपस्थित रहे।

समन्वय सेवा संस्थान द्वारा हुआ साधना शिविर का आयोजन

साधना शिविर में बोलते समन्वय सेवा संस्थान के राकेश कनौजिया।

खबर संक्षेप

पत्नी बेटा बेटी से पीड़ित वृद्ध व्यक्ति ने लगाई पुलिस से गुहार

कौशांबी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा निवासी मोहनलाल केसरवानी अपनी पत्नी बेटी और बेटे से परेशान हैं परिवार का विवाद सड़क पर आ गया है मोहनलाल का कहना है कि उनके सामानों पर पत्नी बेटों ने कब्जा कर लिया है उन्हें घर में रहने नहीं देते हैं तरह-तरह से मानसिक शारीरिक प्रताड़ना पत्नी बेटा बेटी द्वारा दिया जाता है आए दिन की प्रताड़ना से आजिज आकर मोहनलाल ने थाना पश्चिम सरीरा में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है लेकिन मोहनलाल के शिकायती प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की है जिससे मोहनलाल को योगी सरकार में न्याय की उम्मीद खत्म होती दिख रही है बताते चलें कि बीते कई वर्षों से मोहनलाल अपने परिजनों से परेशान हैं और लगातार अधिकारियों से लेकर थाना पुलिस तक न्याय की फरियाद कर रहे हैं।

नवरात्रि के अंतिम दिन भक्तों की रही भारी भीड़

आरती पूजन पाठ करने के बाद हजारों भक्तों ने यज्ञ में आहुतियां देकर जगत के कल्याण की कामना की

नवरात्रि पर मंदिरों पर हवन पूजन करते भक्तगण

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। चैत्र नवरात्रि के पूरे 9 दिन देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए महिला पुरुषों की भारी भीड़ लगातार लगी रही नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को देवी मंदिरों में सुबह से ही महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ लग गई भक्तों ने आरती पूजन पाठ करने के बाद हवन यज्ञ किया है हवन यज्ञ में भी हजारों भक्तों ने आहुतियां देकर जगत के कल्याण की कामना की है। मंझनपुर स्थित अति प्राचीन दुर्गा मंदिर प्रांगण में सुबह से ही महिला पुरूष भक्तों की भारी भीड़ लगी रही मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा भंडारा किया गया और हलुवा दमालु का जमकर प्रसाद वितरण हुआ भक्तों ने मंदिर परिसर में शरबत का भी वितरण किया। इसी तरह कड़ा धाम स्थित माता शीतला देवी के धाम में मां शीतला के दर्शन पूजन को लेकर महिला पुरुष भक्तों की सुबह से अपार भीड़ लगी रही शीतला माता के दरबार में पूरे दिन दर्शन पूजन को लेकर भक्तों की भीड़ लगी रही इसी तरह आनंदी माता के मंदिर में भी भक्तों की सुबह से भीड़ लगी रही नवरात्र में 9 दिनों तक घर-घर भक्तों ने कलश स्थापित का देवी मां की बिधि विधान से पूजा की है नव दिन व्रत रहने वाले भक्तों ने अंतिम दिन पूजा अर्चन के बाद अन्न जल ग्रहण कर ब्रत का पारायण किया है।

धूमधाम से मनाया गया प्रभु श्री राम का जन्मदिन

कौशाम्बी। चैत्र रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री राम की पूजा अर्चना भी भक्तों ने घर-घर किया है मंदिरों में भी भगवान श्री राम की आरती पूजा कर प्रभु श्री राम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया है चैत्र रामनवमी के अवसर पर पूरे जिले में जश्न का माहौल रहा मंदिर सजाई गई और घर-घर प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव मनाया गया इस अवसर पर भक्तों ने प्रभु श्री राम के नाम पर उपवास रखा और उनकी पूजा आरती का जगत के कल्याण की कामना की।

नवरात्रि पर्व पर गोवंशों को भक्तों ने खिलाया फल

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। नवरात्र के पर्व पर कन्या पूजन और भोजन के साथ साथ गोवंश की पूजन और उन्हें भोजन खिलाने की प्रथा भी पुराने जमाने से शुरू है इसी क्रम में नवरात्र के पर्व पर पूरब शरीरा क्षेत्र के झारखंडी माता मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा गोवंश की पूजन कर उन्हें फल खिलाया गया है। नवरात्रि के पावन पर्व पर माता झारखंडी देवी सेवा समिति पूरब शरीरा के सदस्यों द्वारा गौ संरक्षण केंद्र पूरब शरीरा में गोवंश की पूजा की गई और सदस्यों द्वारा गोवंश को फल खिलाया गया है शनिवार को पश्चिम शरीरा क्षेत्र के पूरब शरीरा स्थिति माता झारखंडी देवी सेवा समिति के सदस्य आदित्य पांडेय के साथ राघव पांडेय अवनीश द्विवेदी श्री कृष्ण पांडेय सोनू पांडेय शशीकांत हर्ष पांडेय हिंदू युवा वाहिनी के उपाध्यक्ष मोनू त्रिपाठी अपने इष्ट मित्रों के साथ पूरब शरीरा स्थिति गो संरक्षण केंद्र पहुंचे और वहां पर गोवंश की विधि विधान से पूजा करने के बाद उन्हें को फल खिलाया है।

सामुदायिक शौचालयों में जमकर हो रही धांधली बाजी !

सिराथू विकासखंड के उलाचूपुर और कौशांबी विकासखंड के रकस्वारा ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालयों सहित दर्जनों सामुदायिक शौचालय में हुई हेरा फेरी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सामुदायिक शौचालयों के नाम पर बीते 2 वर्षों से जिले में जमकर धांधली हो रही है धांधली को रोकने के जिम्मेदार अधिकारी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के कार्यों को सही ठहराने में अपनी पूरी ऊर्जा लगा देते हैं जिससे सामुदायिक शौचालय की दुर्दशा में सुधार नहीं हो सका है इतना ही नहीं चौपट हो चुके सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के दोषियों पर वर्षो बीत जाने के बाद भी कार्यवाही नहीं हो सकी है तमाम सामुदायिक शौचालय बनते ही खंडहर में तब्दील हो गए हैं समय पूरा होने के पूर्व ही इन सामुदायिक शौचालयों के पुनःनिर्माण के लिए दोबारा बजट स्वीकृत कर मरम्मत करा दिया गया है सब कुछ बन मनमानी चल रहा है।

सिराथू विकासखंड क्षेत्र के उलाचू पुर गांव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण लाखों की लागत से पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने कराया था लेकिन यह सामुदायिक शौचालय उपयोग में नहीं आ सका आखिर इस तरह के सामुदायिक शौचालय के निर्माण का क्या उद्देश्य है जो आम जनता के उपयोग में ना आ सके सामुदायिक शौचालय के उपयोग में ना आने से स्वच्छ भारत और स्वच्छता अभियान का उद्देश्य नहीं पूरा हो सका है खुले में शौच मुक्त गांव नहीं हो सके हैं लेकिन बार-बार शिकायत के बाद भी सामुदायिक शौचालयों के निर्माण में किए गए घोटाले के मामले में आला अधिकारी उदासीन दिखाई पड़ रहे हैं। इसी तरह विकासखंड कौशांबी के ग्राम पंचायत रकस्वारा में सामुदायिक शौचालय निर्माण हो रहा है और निमार्णाधीन सामुदायिक शौचालय में जमकर धांधली हो रही है मानक के विपरीत सामुदायिक शौचालय बनाए जा रहे हैं पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान बेखौफ तरीके से धांधली में लिप्त हैं एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी अपनी पूरी ऊर्जा भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को बचाने में लगा रहे हैं जिले स्तर पर भी भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं होती दिख रही है जिससे उनकी मंशा भी साफ नहीं झलक रही है। पूरे जिले में सामुदायिक शौचालय निर्माण के नाम पर बीते 2 वर्षों से करोड़ों का बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी लगातार उदासीन है जिले में दर्जनों सामुदायिक शौचालय निर्माण के बाद भी उपयोग लायक नहीं है अभी तक जिम्मेदारों से निर्माण की रकम वसूली करने की योजना नहीं बनाई गई है इलाके के लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सामुदायिक शौचालय में धांधली की जांच कराए जाने और दोषियों को दंडित करते हुए भ्रष्टाचार में लिप्त दोषियों से सरकारी धन की रिकवरी कराए जाने की मांग की है।

दुर्दशा का शिकार ऊलाचू पुर का सामुदायिक शौचालय

साकरा बाबा अझुवा देवस्थान में दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुअइों की भीड़

जयकारे से गूंज रहा भैरम बाबा धार्मिक स्थल

मुरादे पूरी होने पर भक्त चढ़ाते हैं निशान और संकरा

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। नगर पंचायत अझुवा के दक्षिणी छोर पर स्थित अति प्राचीन धर्मिक स्थल भैरम बाबा(संकरा बाबा) में नवरात्रि पर भक्तों का अपार जनसैलाब उमड़ता है भक्तों की मन्नत पूरी होने पर वह बाबा को संकरा और निशान चढ़ाते हैं।

नगर पंचायत अझुवा के दक्षिणी छोर पर स्थित अति प्राचीन धार्मिक स्थान की अलौकिक कथा है यहां कौशांबी जिले के ही नहीं अपितु आसपास प्रयागराज फतेहपुर प्रतापगढ़ जनपद के भक्त आकर माथा टेक कर अपनी मनौती करते हैं मनौती पूर्ण होने के बाद गाजा बाजा डीजे आदि वाद्य यंत्रों के साथ पूजा पाठ करते हैं इस धार्मिक स्थल की कई किवदंतियां हैं जिसे बड़े बुड्ढे बड़े चाव से बताते हैं उनमें संकरा चढ़ाने की किंवदंती मशहूर है ।यहां नवरात्रि के 9 दिन तो सकरा बाबा देव स्थान पर महिला पुरुष भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है नवरात्रि पर भक्तों ने पूजा पाठ अर्चन कर सकरा बाबा से अपनी मनौती मानी है शेष प्रति मंगलवार को यहाँ मेला भी लगता है।

सिर्फ जड़ी-बूटी नहीं है आयुर्वेद : डॉ भूपेन्द्र

आयुर्वेद की शुरूआत हमारे रसोई घर से शुरू हो जाती है भोजन में प्रयोग किए जाने वाले मसाले हमारे आहार विज्ञान की वैज्ञानिकता के प्रमाण हैं

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। आयुर्वेद में सभी असाध्य रोगों का इलाज संभव है।दुनिया में आयुर्वेद में ही रोगों से बचाव के संपूर्ण उपाय वर्णित हैं। आयुर्वेद के दो उद्देश्य हैं-स्वस्थ के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी के रोग को दूर करना।स्वस्थ के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए आयुर्वेद में दिनचर्या रितुचर्या स्वस्थवृत्त आचार रसायन रसायन और वाजीकरण चिकित्सा का वर्णन है। वहीं जब व्यक्ति किसी कारण से रोगी हो जाता है तो उसके रोग को दूर करने के लिए तमाम तरह की चिकित्सा विधियों का वर्णन आयुर्वेद में मिलता है उक्त बातें डा. भूपेंद्र मणि त्रिपाठी एम.डी.आयुर्वेद राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पश्चिम शरीरा ने कही है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सिर्फ एक चिकित्सा शास्त्र ही नहीं है अपितु स्वस्थ जीवन जीने के विज्ञान का नाम आयुर्वेद है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की शुरूआत हमारे रसोई घर से शुरू हो जाती है भोजन में प्रयोग किए जाने वाले मसाले हमारे आहार विज्ञान की वैज्ञानिकता के प्रमाण हैं।हमारी संस्कृति में जड़ और चेतन दोनों स्वरूपों में ईश्वर की कल्पना की गई है वृक्ष पर्वत नदी तालाब पशु,पक्षियों की पूजा इसी परंपरा के द्योतक हैं। डा. भूपेंद्र मणि त्रिपाठी एम.डी.(आयुर्वेद) राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पश्चिम शरीरा ने कहा कि परम पिता ब्रह्मा ने सृष्टि के निर्माण के पहले ही आयुर्वेद की रचना कर दी थी आयुर्वेद अथर्ववेद का उपांग है। इसीलिए इसे पांचवां वेद भी माना जाता है। स्वस्थ जीवन जीने के लिए आयुर्वेद ही एकमात्र विकल्प है।

कशिया पश्चिम हनुमान मंदिर में डिप्टी सीएम ने टेका माथा

कोखराज कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के कोखराज थाने के पास कशिया पश्चिम में स्थित अति प्राचीन हनुमान जी के मंदिर में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या पहुँचे और प्रभु हनुमानजी का दर्शन कर माथा टेका हनुमान जी का दर्शन करने और उनका आशीर्वाद लेने के बाद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य प्रयाग राज के लिए रवाना हो गए बताते चलें कि यहां हनुमान जी का मंदिर 400 वर्ष पूर्व स्थापित किया गया है और इस मंदिर में जितने श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा अर्चना की है उसकी मनोकामना ईश्वर ने जरूर पूर्ण की है बताते चलें कि कौशांबी जिले का यह अकेला दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर है।

सम्राट अशोक की जयंती मनाते लोग

चक्रवर्ती सम्राट अशोक की मनाई गई जयंती

अझुवा कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा पसीर्पुर में चक्रवर्ती अशोक सम्राट की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई इस मौके पर सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया और उनकी वीरता से सीख लेने की बात कही गई। सम्राट अशोक की जयंती कार्यक्रम के अवसर पर पुनीत मौर्य बृजेश मौर्य लक्ष्मीकांत मौर्य विकास मौर्य सम्राट अशोक मौर्य लव कुश निर्मल प्रधान कुलदीप चौधरी प्रदीप कुमार मौर्य दीपक मौर्य सुरेंद्र मौर्य अरुण मौर्य सत्य प्रकाश मौर्य रितिक चौधरी संजय पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कहीं फरार प्रेमी युवक अपने मित्र के संपर्क में तो नहीं !

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कड़ा धाम की एक बालिका 3 महीने पूर्व अपने प्रेमी के साथ भाग गई बालिका के भागने के बाद उसके परिजनों ने थाना पुलिस को तहरीर दी जिस पर पुलिस ने बालिका को खोजने का प्रयास किया लेकिन बालिका और उसका प्रेमी को पुलिस नहीं खोज सकी धीरे-धीरे 3 महीने का समय बीत गया अब पुलिस बार-बार प्रेमी युवक के परिजनों को बालिका और प्रेमी को ढूंढने का दबाव बना रही है बताते चलें कि भागे युवक की मां शरीर से विकलांग है और पिता को दोनों आंखों से कम दिखाई पड़ता है उसके घर में अन्य भाई अलग रहते हैं केवल एक बहन रहती है जिसको आए दिन पुलिस परेशान करती है पुलिस का कहना है कि यदि युवक के परिजनों ने युवक को खोज कर हाजिर नहीं कराया तो उनके घर की कुर्की करा देंगे कुर्की की बात सुनकर पूरा परिवार परेशान है। अहम बात यह है कि फरार हुए प्रेमी युवक का एक दोस्त इसी बीच गांव में खुलेआम यह कहता फिर रहा है कि प्रेमी युवक के परिजनों द्वारा पचास हजार रुपए दे दिए जाए तो वह बालिका और उसके प्रेमी युवक को 24 घंटे के अंदर खोज कर पुलिस को सौंप देगा प्रेमी युगल को खोजने का दावा करने वाले दलाल युवक के पास फरार प्रेमी युगल की क्या लोकेशन है यह बड़ा गंभीर विषय है कहीं फरार प्रेमी युवक अपने मित्र के संपर्क में तो नहीं है इस मामले में पुलिस ने अभी तक जांच पड़ताल नहीं की है प्रेमी युगल को 24 घंटे में खोजने का दावा करने वाले युवक को पुलिस ने अपने हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो प्रेमी युगल जल्द पुलिस के कब्जे में हो सकते हैं लेकिन क्या दावा करने वाले युवक को पुलिस अपने कब्जे में लेगी यह बड़ा सवाल है।

भागी बालिका को खोजने का दावा करने वाले युवक से आखिर पुलिस ने क्यो बनाई दूरी

भागे युवक की मां शरीर से विकलांग है और पिता को दोनों आंखों से कम दिखाई पड़ता है

घोटालेबाज प्रधान पर जल्द गिर सकती है गाज हो सकता है खाता सीज!

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। विकास खण्ड मंझनपुर के ग्राम पंचायत तियरा जमालपुर के विकास कार्यों में जमकर धांधली और घोटालेबाजी करने वाले प्रधान और पंचायत सचिव पर जल्द गाज गिराने की तैयारी अधिकारियों ने शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत पर जांच अधिकारियों ने आरोपों की पुष्टि कर दी है। बता दें कि प्रधान और सचिव ने मिलकर सिर्फ कागजों में विकास कार्यों को दिखाकर लाखों रुपए का घोटाला किया था इसकी शिकायत नव निर्वाचित सदस्यों ने शपथ पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से की थी जिसको जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को इसकी उचित जांच के लिए आदेशित किया तो उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया था जिसका जवाब देने में प्रधान और सचिव आनाकानी कर रहे हैं जिससे घोटालेबाज प्रधान विभागीय अधिकारियों के निशाने पर आ गए हैं। इससे प्रधान और पंचायत सचिव की नींद उड़ गई है। अब देखना यह है कि क्या जल्द विभागीय अधिकारी घोटालेबाज प्रधान और सचिव पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करते हुए उनका खाता सीज करते हैं या योगी सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने वाले भ्रष्टाचारी और घोटालेबाज प्रधान एवं सचिव का हौसला आफजाई करेंगे यह अधिकारियों पर बहुत बड़ा सवाल है।

विभागीय अधिकारियों ने दिया था कल तक के लिए समय हो सकती है कड़ी कानूनी कार्यवाही

वरिष्ठ पत्रकार की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रंद्धांजलि सभा आयोजित

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। अपनी बेबाक लेखनी के जरिये पत्रकारिता जगत में विशिष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकार स्व. शिवनंदन साहू की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को सैनी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया सभा मे उपस्थित गणमान्य लोग वरिष्ठ पत्रकारों सहित तमाम पत्रकारों ने स्व. शिव नन्दन साहू के तैल चित्र पर माल्यर्पण कर 2 मिनट का मौन रख अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त अन्जनी कुमार पांडे ने कहा ने कहा कि पत्रकारिता जगत में उनके द्वारा स्थापित क्रिया कलाप लेखनी बोलने की बेबाक क्षमता मिलन सार स्वभाव सत्य को जनता के सामने परोसने की अद्भुत क्षमता औरों के लिए अनुकरणीय है उनके न रहने से आज जिले में पत्रकारिता जगत में एक रिक्त स्थान बना है जिसे पूर्ण करना इतना आसान नही है इस दौरान उपस्थित तमाम पत्रकारों में उनकी याद में अश्रु भी दिखाई दिए उन्हें याद कर सभी पत्रकार भावुक हो उठे। श्रंद्धांजलि सभा मे पत्रकार राहुल भट्ट, डॉ. संतलाल मौर्य लाला भाई, डॉक्टर सोनू सोनकर पत्रकार रामबिलास पटेल, पत्रकार रामकिशन पटेल, पत्रकार नितिन अग्रहरी, पत्रकार आकाश केशरवानी सैनी प्रधान प्रतिनिधि श्रवण पटेल, रिंकू केसरवानी, रिंकल साहू , हाशिम मौलाना ,पत्रकार नीलू त्रिपाठी, पत्रकार रवि केसरवानी, पत्रकार रिंकू शुक्ला, पत्रकार अंकित मिश्रा, अजय केसरवानी पत्रकार आबिद ,पत्रकार रवि अग्रहरी सहित तमाम गणमान्य लोग एवम पत्रकार मौजूद रहे।

दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि देते पत्रकार साथी

संपादकीय

घर खूबसूरत बनते हैं, रिश्तों के कारण

घर प्राचीनकाल से मनुष्य की जिज्ञासा रहे हैं। हमारा गाँव नदी के किनारे है। नदी तट पर तमाम तरह के पेड़ थे। इन पेड़ों पर पक्षी अपना घर बनाते थे। इसे घोंसला कहते हैं। तिनका लाकर घर बनाना गहन स्थापत्य की सूचना है। अनेक जीव जमीन में बिल खोदकर रहते हैं। अनेक पक्षी और और जीव घर नहीं बनाते हैं। उन्हें भी आत्मरक्षा की चिन्ता परेशान करती है। वह इधर-उधर ताक-झाँक कर अपना रैनबसेरा तय कर लेते हैं। घर सबकी प्रीति है। मनुष्य का सामान्य जीवन प्राचीनकाल में घुमन्तू था। घने जंगल या नदी तट पर पेड़ों के झुरमुट में रात हुई। वहीं घर बने। ऐसे घर घास-फूस के थे। घर अल्प समय में छूट जाते थे। रात गयी, बात गयी। मनुष्य आगे की यात्रा पर निकल पड़े। जहाँ रात आई वहीं घर। मनुष्य खेती से परिचित हुआ। उसे स्थायी घर की जरूरत पड़ी। खेती के लिए उसका निकट का निवास जरूरी हो गया। नदी के किनारे छोटे-छोटे घास-फूस के घर बनने लगे। गृह निर्माण की कथा लम्बी है। इसका विकास धीरे-धीरे हुआ है। पहले घर बने थे, कृषि और आत्मरक्षा के लिए। बाद में वह प्रतिष्ठा के सूचक भी बने। जिसका जितना बड़ा घर उसकी उतनी प्रतिष्ठा। ऋग्वेद और अथर्वेद में सुन्दर घर की अभिलाषा है। ऋषि को वरूणदेव से शिकायत है। उनका घर सैकड़ों खम्भों वाला बताया गया है। ऋषि कहते हैं कि आप हमको वैसा ही सुन्दर घर दें। अथर्वेद में सुन्दर घर का उल्लेख है। इस घर में सभी दिशाओं से वायु प्रवेश करती है। ऋषि की प्रार्थना है कि गाय और उसके बच्चे घर में सर्वत्र घूमे। सांझ समय सबकी इच्छा घर लौटने की होती है। सूरज भी संध्याकाल में घर जाने के लिए अस्त होते हैं। हमारा शरीर भी घर है। वृद्धावस्था में जीवन की संध्या आती है। शरीर घर जाने की तैयारी करता है। शरीर के भीतर प्राण है। प्राण आत्मा धीरे-धीरे घर छोड़ने की तैयारी करते हैं। भौतिक जगत में शरीर ही वास्तविक घर है। प्राण गये शरीर नाम का घर शिथिल हो गया। पंचतत्व का विसर्जन हुआ। प्राण किसी नए घर के शोध में अधिकांश मनुष्यों का पूरा जीवन घर बनाने में ही चला जाता है। लेबनानी दार्शनिक खलील जिब्रान ने बड़े घरों पर खूबसूरत टिप्पणी की है। उन्होंने लिखा है, दुनिया के सभी घर बौने लोगों ने बनाए हैं। खलील की बात सही भी लगती है। मनुष्य का शरीर घर है। शरीर उसकी सीमा है। वह इस सीमा से संतुष्ट नहीं होता। बड़े घर बनाता है। घर हमारे तमाम कर्तव्यों के पालन का भी स्थान है। पति-पत्नी गहन प्रेम में जीवन-यापन करते हैं। बच्चों के पालन-पोषण का प्रबन्ध करते हैं। घर सुन्दर बन जाता है। वृद्ध हो गये असक्त परिजनों की सेवा करते हैं, तब घर और भी सुन्दर हो जाता है। अतिथि घर में आदर पाते हैं। घर और आकर्षक हो जाते है।घर कभी-कभी दुखी भी करते हैं। मैंने कहीं पढ़ा है कि एक व्यक्ति गृह कलह से परेशान थे। घर में झगड़े झंझट थे। वह अशान्त मन के साथ एक होटल में पहुंचा। होटल के प्रबन्धक से पूछा कि आपके यहाँ क्या-क्या सुविधाएँ हैं। होटल मालिक ने कहा आपका स्वागत है। होटल में घर जैसी सारी सुविधाएँ हैं। घर पीड़ित व्यक्ति भागा। मैनेजर ने हाथ जोड़े और पूछा कि सर क्या गलती हो गयी है। घर पीड़ित व्यक्ति ने कहा कि मैं घर से ही परेशान होकर होटल में आया हूं। यहाँ भी घर जैसी सुविधाएँ हैं, इसलिए मैं भाग रहा हूँ। घर खूबसूरत बनते हैं, रिश्तों के कारण।

जी का जंजाल बनता प्लास्टिक

योगेश कुमार गोयल

दैनिक जीवन में इस्तेमाल की जा सकने वाली पॉलिथीन की इसी खोज को दुनियाभर में मान्यता मिली। प्लास्टिक की खोज मानव सभ्यता के लिए एक क्रांतिकारी खोज इसलिए मानी गई थी क्योंकि उससे पहले जो वस्तुएं लोहा, लकड़ी इत्यादि अन्य पदार्थों से बनाई जाती थी, ऐसी बहुत सी वस्तुएं प्लास्टिक से बनाई जाने लगी। दरअसल प्लास्टिक अन्य पदार्थों की तुलना में कई कारणों से बेहतर था

दुनियाभर में वातावरण को नुकसान पहुंचाने वाले कुछ प्रमुख कारकों में से प्लास्टिक एक प्रमुख कारक है। प्लास्टिक ग्रीक शब्द प्लास्टिकोज और प्लास्टोज से बना है, जिसका अर्थ है जो लचीला है या जिसे ढाला, मोड़ा या मनमर्जी का आकार दिया जा सके। 21वीं सदी में पर्यावरण प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों में प्लास्टिक बहुत बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसके खतरों से पूरी दुनिया त्रस्त है। कनाडा के हैलीफैक्स शहर में तो वर्ष 2018 में प्लास्टिक कचरे के ही कारण इमरजेंसी लगानी पड़ी थी। भारत में भी प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या दिनों-दिन विकराल हो रही है, जो न केवल हर दृष्टि से प्रकृति पर भारी पड़ रही है बल्कि मानव जाति के साथ-साथ धरती पर विद्यमान हर प्राणी के जीवन के लिए भी बड़ा खतरा बनकर उभर रही है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा देश को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त भारत बनाने की दिशा में 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा की जा चुकी है। पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार उसके बाद पॉलीस्टाइनिन और एक्सपैंडेड पॉलीस्टाइनिन सहित सिंगल यूज वाले प्लास्टिक के उत्पादन, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। प्लास्टिक में बहुत सारे ऐसे रसायन होते हैं, जो कैंसर और हृदय रोग सहित कई गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। आज प्लास्टिक कचरे से देश का कोई भी हिस्सा अछूता नहीं है और प्लास्टिक अब आम जनजीवन का इस कदर अहम हिस्सा बन चुका है कि तमाम प्रयासों के बावजूद इस पर अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त नहीं हो पा रही है, न ही अब तक इसका कोई भरोसेमंद विकल्प खोजा जा सका है। यह जान लेना भी दिलचस्प और जरूरी है कि प्लास्टिक की खोज कब और कैसे हुई थी? मनुष्य निर्मित प्लास्टिक पाकेर्साइन का पेटेंट सबसे पहले वर्ष 1856 में बर्मिंघम इंग्लैंड के अलेक्जेंडर पार्क्स ने कराया था, जो 1862 में अपने वास्तविक रूप में दुनिया के सामने उस समय आया था, जब पहली बार 1862 में लंदन की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में उसे रखा गया था। प्राकृतिक रबर, जिलेटिन, कोलेजीन, नाइट्रोसेल्युलोज जैसे पदार्थ प्लास्टिक के पहले उपलब्ध पदार्थ थे। 1866 में अलेक्जेंडर पार्क्स ने पाकेर्साइन

कम्पनी बनाकर इसका बड़े स्तर पर उत्पादन शुरू किया। पॉलिथीन दुनिया का सबसे लोकप्रिय प्लास्टिक है, जिसे सबसे पहले जर्मनी के हैंस वोन पैचमान ने वर्ष 1898 में अचानक ही खोज लिया था। प्रयोगशाला में एक प्रयोग करते समय उन्होंने सफेद रंग के मोम जैसा पदार्थ बनते देखा, जिसका नाम पॉलिथीन रखा गया। 1900 में पूरी तरह से सिंथेटिक, फिनोल और फॉर्मेल्डीहाइड का उपयोग करके प्लास्टिक बनाना शुरू कर दिया गया था और जर्मनी तथा फ्रांस में कैसीन से निर्मित प्लास्टिक का व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ हो गया था। बेल्जियम मूल के अमेरिकी नागरिक डॉ. लियो हेंड्रिक बैकलैंड ने भी प्लास्टिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्होंने 1907 में फेनॉल तथा फॉर्मेल्डीहाइड की अभिक्रिया में कुछ परिवर्तन करके सिंथेटिक पद्धति से एक ऐसा प्लास्टिक निर्मित किया, जिसका उपयोग कई उद्योगों में किया जा सकता था। उन्होंने फेनॉल तथा फॉर्मेल्डीहाइड को मिलाकर गर्म किया, जिसे ठंडा करने पर एक कठोर पदार्थ मिला। बाद में उन्होंने इसमें लकड़ी का बुरादा, एस्बेस्टस और स्लेट पाउडर मिलाकर कई और चीजें भी बनाई। बेकलैंड के नाम पर ही उस नए प्लास्टिक का नाम 1912 में बैकेलाइट रखा गया था। अपने इस आविष्कार के बाद बैकलैंड ने कहा भी था कि अगर वह गलत नहीं हैं तो उनका यह अविष्कार (बैकेलाइट) भविष्य के लिए अहम साबित होगा। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद प्लास्टिक बनाने की तकनीक में जबरदस्त विकास हुआ। औद्योगिक रूप से पॉलिथीन का आविष्कार 27 मार्च 1933 को ब्रिटेन के चेशायर प्रांत के नॉर्थविच शहर में दुर्घटनावश हुआ था। कैमिस्टों की एक टीम आईसीआई वेलरस्कॉट प्लांट में पॉलीमर की खोज कर रही थी। उसी दौरान एक रात उनका यह प्रयास दुर्घटनावश विफल हो गया लेकिन उसी खोज के दौरान सफेद रंग का एक पदार्थ निकला, जो खोजकताओं के अनुसार बिल्कुल सही नहीं था। वहां मौजूद युवा कैमिस्ट जॉर्ज फीचम इस आविष्कार के गवाह बने थे। हालांकि उस वक्त वह भी नहीं जानते थे कि यह तरल पदार्थ क्या है और यह अच्छा है या बुरा। इसी पदार्थ ने औद्यौगिक रूप से पॉलिथीन का रूप ले लिया।

दैनिक जीवन में इस्तेमाल की जा सकने वाली पॉलिथीन की इसी खोज को दुनियाभर में मान्यता मिली। प्लास्टिक की खोज मानव सभ्यता के लिए एक क्रांतिकारी खोज इसलिए मानी गई थी क्योंकि उससे पहले जो वस्तुएं लोहा, लकड़ी इत्यादि अन्य पदार्थों से बनाई जाती थी, ऐसी बहुत सी वस्तुएं प्लास्टिक से बनाई जाने लगी। दरअसल प्लास्टिक अन्य पदार्थों की तुलना में कई कारणों से बेहतर था। इससे बनाई जाने वाली वस्तुएं न तो जल्दी से टूटती हैं, न ही लकड़ी या कागज की भांति सड़ती हैं और न ही किसी भी वातावरण के अंदर इन वस्तुओं पर लोहे की भांति जंग लगता है। प्लास्टिक के ऊपर जल्दी किसी भी प्रकार के वातावरण का प्रभाव नहीं पड़ता। प्लास्टिक से बनी वस्तुएं लोहे या अन्य धातुओं से बनी वस्तुओं के मुकाबले सस्ती और लंबे समय तक टिकने वाली होती हैं, इसीलिए आधुनिक युग में प्लास्टिक का उपयोग निरन्तर बढ़ता गया। प्लास्टिक चूंकि विद्युत का कुचालक होता है और इसकी आयु भी बहुत लंबी होती है, इसलिए इसकी इन्हीं खूबियों को देखते हुए इससे विद्युतीय उपकरण भी बनाए जाते हैं।

प्लास्टिक की सबसे बड़ी विशेषता है इसे आसानी से किसी भी आकार में बदल सकना तथा इसके अंदर कोई और पदार्थ मिलाकर अन्य वस्तुएं बना लेना, जो बहुत टिकाऊ साबित होती हैं। यही कारण है कि प्लास्टिक आज हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग बन चुका है, जिसका इस्तेमाल हमारी रोजमर्रा की हर तरह की जरूरतें पूरी करने में हो रहा है। पिछली सदी में जब विविध रूपों में प्लास्टिक की खोज की गई थी तो इसे मानव सभ्यता और विज्ञान की बहुत बड़ी सफलता माना गया था किन्तु आज यही प्लास्टिक पृथ्वीवासियों के जी का जंजाल बन गया है, इसीलिए इससे छुटकारा पाने के लिए शुरूआती चरण में सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति की दिशा में कदम आगे बढ़ाए गए हैं।

दरअसल स्वच्छ भारत अभियान में पॉलिथीन आज सबसे बड़ी बाधा है और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाए जाने का कारण यही है कि यदि इसका प्रयोग नहीं रोका गया तो भू-रक्षण का नया स्वरूप सामने आएगा और फिर जमीन की उत्पादकता वापस प्राप्त करना नामुमकिन होगा। विकास के साथ-साथ देश के तमाम शहरों में प्लास्टिक कचरा बढ़ रहा है और इसी कारण चारों ओर बिखरी पॉलीथीन के चलते लगभग सभी शहरों में ड्रेनेज सिस्टम ठप्प पड़े रहते हैं। नॉन बायोडिग्रेडेयल प्लास्टिक थैलियों को जमीन में विघटित होकर नष्ट होने में करीब एक हजार साल लंबा समय लगता है, जिसका सीधा और स्पष्ट अर्थ है कि हम अपनी थोड़ी सी सुविधाओं के लिए इन थैलियों का इस्तेमाल कर धरती को अगले एक हजार वर्षों के लिए प्रदूषित कर रहे हैं। इसीलिए पर्यावरण की बेहतरी के लिए प्लास्टिक के विभिन्न रूपों पर प्रतिबंध लगाया जाना अब समय की सबसे बड़ी मांग है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

सबसे खुश लोग वे नहीं हैं, जो ज्यादा पा रहे हैं, बल्कि वे हैं जो ज्यादा दे रहे हैं!

एन. रघुरामन

वे तांबे के जिस चमचमाते तवे पर इसे पकाते हैं, उसे भी लखनऊ से विशेष रूप से ऑर्डर देकर बुलाया गया था। वे अनेक कलर और फ्लैवर्स में समर ड्रिंक्स भी सर्व करते हैं, जो फूड-लवर्स को लुभाती हैं

नियति जितना संयोग का विषय है, उतना ही चयन का भी है। जहां हम मानते हैं कि नियति हाथों की हथेलियों में लिखी होती है, वहीं अपनी नियति बनाना भी हमारे हाथ में है। चाट बेचने वाले पटियाला के एक 22 साल के नौजवान की जीवन-यात्रा युवाओं को मेहनत और लगन से अपनी तकदीर खुद बनाने के लिए प्रेरित करेगी। देश के कोने-कोने में ऐसी गलियां हैं, जो खाने के शौकीन लोगों की पसंदीदा होती हैं। ऐसे में अगर किसी कोने में एक और फूड-स्टॉल बन जाए तो किसी को फर्क नहीं पड़ता। लेकिन मनजिंदर सिंह की कहानी अलग है। उनके वीडियो वायरल हो गए हैं। उन्होंने ऐसा क्या किया? उन्होंने अपने भाई के साथ एक चाट-कारोबार खोला, जबकि उनके पास नौकरी का विकल्प भी था। दोनों भाइयों ने बचत से ढाई लाख रुपयों का निवेश किया। स्टॉल का नामकरण किया गया- आई लव पंजाब। यह मोहाली, फेज 11 में गुरुद्वारा सिंह सभा के निकट है। मनजिंदर दूसरों से अलग नहीं होते तो उनकी कहानी भुला दी गई होती। लेकिन उन्होंने स्ट्रीट-फूड बनाने और परोसते समय बिजनेस सूट पहनने का निर्णय लिया, जिसने उन्हें आकर्षण का केंद्र बना दिया। उनका आउटलेट सबसे हटकर माना जाने लगा। अपनी अच्छी शिक्षा के चलते वे अच्छे-से कम्युनिकेट भी कर पाते थे। अगर आप सोच रहे हैं कि उन्होंने सूट पहनने के अलावा और क्या अलग किया, क्योंकि फूड-बिजनेस में सबसे ज्यादा महत्व तो स्वादिष्ट भोजन का ही होता है, तो मुझे आपको अगली स्टेप पर ले जाने दीजिए। मनजिंदर हास्पिटैलिटी डिग्रीधारक हैं। वे जो आलू टिक्की और अन्य डिशेस बनाते हैं, वे दूसरे रोड-साइड स्टॉल के उलट तेल के बजाय देसी घी में पकाई जाती हैं। वे तांबे के जिस चमचमाते तवे पर इसे पकाते हैं, उसे भी लखनऊ से विशेष रूप से ऑर्डर देकर बुलाया गया था। वे अनेक कलर और फ्लैवर्स में समर ड्रिंक्स भी सर्व करते हैं, जो फूड-लवर्स को लुभाती हैं। इसके अलावा ग्राहकों को मोइतो के विभिन्न प्रकारों के बारे में भी पता चलता है! उन्होंने अपने स्टॉल को शानदार लुक देने के लिए चार सदस्यों वाले क्रू को जोड़ा। अभी तक उनके परिवार को उनके मौजूदा स्ट्रीट बिजनेस के बारे में पता नहीं है। दोनों भाइयों ने पास ही में एक दुकान भी खरीद ली है और ओपनिंग सेरेमनी के लिए उन्होंने अपने माता-पिता को निमंत्रित करने का निर्णय लिया है। यह उनके लिए एक सरप्राइज होगा। अचरज नहीं कि जब फूड ब्लॉगर हैरी उप्पल ने उनकी स्टोरी कवर की तो उसे लाखों दर्शकों ने देखा। इस शुक्रवार भोपाल में सेज यूनिवर्सिटी के 1000 फर्स्ट-ईयर इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को सम्बोधित करते हुए मुझे मनजिंदर की कहानी याद आई। विभिन्न राज्यों के छोटे कस्बों से आए स्टूडेंट्स जानना चाहते थे कि वे अपने सीमित ज्ञान और एक्सपोजर के बावजूद अच्छे मुकाम पर कैसे पहुंच सकते हैं। मैंने उत्तर दिया- मैं कुछ जानने से बुद्धिमान नहीं हो जाता और आप कुछ नहीं जानने से नासमझ नहीं कहला सकते। लेकिन जब आप कुछ जानते हों, उसके भले-बुरे को समझते हों और उसे जीवन या बिजनेस में लागू करने को तैयार हों, तब आप दूसरों से अलग बनते हैं- मनजिंदर की तरह। उनके पास भी सूट, तवा और घी का खर्च बचाने का विकल्प था, लेकिन उन्होंने अपने कस्टमर्स को लुक और टेस्ट में बेस्ट देने का निर्णय लिया।

विचार

पश्चिम को उम्मीद थी कि पुतिन को हथियार डालने पर मजबूर होना पड़ेगा

नीरज कौशल

रूसी फौजों द्वारा यूक्रेन में मानवद्रोही गतिविधियों को अंजाम देने की खबरें सामने आने के बाद यूरोपियन यूनियन पर दबाव बढ़ गया है कि वह मॉस्को पर और कठोर प्रतिबंध लगाए। पश्चिमी ताकतों ने इससे पहले रूस पर जो पाबंदियां लगाई हैं, वे भी कम कठोर नहीं थीं। उनसे न केवल रूसी अर्थव्यवस्था पंगु हो जाएगी, बल्कि यूरोप में मंदी का ऐसा दौर शुरू हो जाएगा, जिससे पूरी दुनिया प्रभावित होगी। लेकिन क्या इससे पुतिन पर युद्ध को समाप्त करने का दबाव बन सकेगा? अभी तक जो तस्वीर उभरकर सामने आई है, वह बहुत उम्मीदें तो नहीं जगाती। रूस पूर्वी यूक्रेन पर गोलाबारी करने में मशगूल है। युद्ध खत्म होने के आसार नजर नहीं आ रहे। अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों को उम्मीद थी कि प्रतिबंधों से रूसी अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी और पुतिन को हथियार डालने पर मजबूर होना पड़ेगा। इसके पीछे यह सोच थी कि रूसी जनता पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा तो पुतिन अपने ही देश में अलोकप्रिय हो जाएंगे। इसे खुशफहमी के सिवा कुछ नहीं कहा जा सकता। वास्तव में युद्ध के बाद रूसियों में पुतिन की अप्रूवल रेटिंग बढ़ी है। रूस की एक स्वतंत्र पोल-एजेंसी लेवादा सेंटर के मुताबिक जनवरी में पुतिन की रेटिंग 69 फीसदी थी, जो अब 83 फीसदी हो गई है।

इसमें शक नहीं है कि पश्चिमी ताकतों के द्वारा रूस पर लगाए गए सैंक्शंस बहुत गम्भीर हैं। एक झटके में पुतिन के 640 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भण्डार के एक बड़े हिस्से को चपत लग चुकी है। इसके बूते रूस तेल, गैस और अन्य वस्तुओं के निर्यात पर पश्चिमी पाबंदियों को लम्बे समय तक सह सकता था, लेकिन अब यह फ्रोजन हो चुका है। व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर दिए एक बयान के मुताबिक रूस को वैश्विक वित्तीय और व्यावसायिक प्रणालियों से अलग-थलग कर देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत रूस के दस सबसे बड़े वित्तीय संस्थानों पर सैंक्शन लगाए जाएंगे, जिनके पास रूस के लगभग 80 प्रतिशत बैंकिंग सेक्टर एसेट्स और एक्सपोर्ट कंट्रोल हैं। रूसी बैंकों को स्विफ्ट से हटा दिया गया है। स्विफ्ट एक बड़ा नेटवर्क है, जिसका इस्तेमाल बैंक और अन्य संस्थान वित्तीय लेनदेन पर त्वरित और सुरक्षित रूप से सूचना को भेजने और प्राप्त करने के लिए करते हैं। इससे रूसी वित्तीय संस्थान दुनिया से कट जाएंगे। आलोचकों का मत है कि रूस के पास वैकल्पिक प्रणालियां हैं, इसलिए उस पर स्विफ्ट की पाबंदी का असर नहीं पड़ेगा। दूसरी तरफ अमेरिका और यूके ने रूस से तेल और गैस के सभी आयातों पर रोक लगा दी है। विश्लेषकों के अनुसार इससे रूस को तब तक ज्यादा नुकसान नहीं होगा, जब तक कि उसके पास यूरोप और चीनी के बाजारों में तेल बेचने की क्षमता है। यूरोप और चीन में रूस अपना 90 प्रतिशत तेल निर्यात करता है। इसके बावजूद रूस की अर्थव्यवस्था को चोट तो पहुंची है। एक आकलन के मुताबिक इस वर्ष रूस की अर्थव्यवस्था में 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जाएगी। रूबल आधी से ज्यादा वैल्यू गंवा चुका था। अलबत्ता बाद में उसने थोड़ा रिकवर जरूर किया। दर्जनों अंतरराष्ट्रीय कॉर्पोरेशन रूस से बाहर आ चुके हैं। रूसी तेल कम्पनियों को स्टॉक बाजार में भारी नुकसान हुआ है। रूस का सबसे बड़ा बैंक अपनी 90 प्रतिशत वैल्यू गंवा चुका है। रूस के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों को बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया, जिससे मुद्रास्फीति 14.5 प्रतिशत हो गई। अलबत्ता आर्थिक पाबंदियों का इतिहास बताता है कि इससे भले आक्रामक देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचता हो, उसके नेता की नकेल नहीं कसी जा सकती है। रूस के द्वारा क्रीमिया पर चढ़ाई करने के बाद भी उस पर बहुत प्रतिबंध लगाए गए थे, लेकिन पुतिन ने क्रीमिया पर कब्जा कर ही लिया। रूस दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल-उत्पादक है। वैश्विक-आपूर्ति में उसकी हिस्सेदारी 11% है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से रूस के नियार्तों की वैल्यू बढ़ी है। यूक्रेन के यूरोपियन समर्थकों से रूसी तेल-गैस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया जा रहा है। यूरोपियन यूनियन ने वादा किया है कि वह 2022 के अंत तक रूसी तेल पर अपनी निर्भरता दो-तिहाई घटा देगा।

छत्रपति शिवाजी के शिल्पी समर्थ रामदास

प्रवीण गुगनानी

हमारे सनातनी संत केवल संत होकर तपस्या, धार्मिक अनुष्ठान, पूजा पाठ व मोक्षप्राप्ति के हेतु ही कार्य ही नहीं करते हैं अपितु समय-समय पर देश समाज की राजनीति को राजदरबार (संसद) से लेकर, समाज के चौक चौबारों तक व युद्ध की भूमि में जाकर रणभेरी बजाने तक का कार्य वे भली-भांति करते रहे हैं। महर्षि विश्वामित्र, ऋषि वशिष्ठ, ऋषि सांदिपनी, ऋषि जमदग्नि से लेकर चाणक्य, सिक्ख गुरुओं की समूची परंपरा व गुरु समर्थ रामदास जैसे कई उदाहरण हमारे समाज की कथाओं व आख्यानों में यहाँ-वहां लिखे-पढ़े जाते रहे हैं। प्रत्येक भारतीय शासक या राजा की पृष्ठभूमि में कोई न कोई संत महात्मा उसकी समूची राजनीति के सूत्र व मार्गदर्शन देता रहा है; कभी ये संत ज्ञात रहे तो कभी अज्ञात रहकर पृष्ठ से राज्य को दिशा देते रहे हैं। ऐसे ही एक अद्भुत प्रतिभाशाली व पुण्यशाली संत हैं स्वामी समर्थ रामदास। शिवाजी के चरित्र निर्माण व उनके जुझारू व्यक्तित्व की जनक माता जीजाबाई थी तो छत्रपति के शिल्पी समर्थ रामदास थे। शिवाजी का व्यक्तित्व निर्माण उनके गुरु समर्थ रामदास के बिना अधूरा ही था। स्वातंत्र्योत्तर भारत का वामपंथी व विदेशी प्रकार का चिंतन भारतीय शासकों के संदर्भ में सनातनी संतों के सक्रिय, तेजस व प्रेरक मार्गदर्शन को साशय नकारता रहा है। कभी ये चन्द्रगुप्त मौर्य के पीछे चाणक्य की भूमिका को नकारते हैं तो कभी ये समर्थ रामदास जी को नकारने लगते हैं। शिवाजी व समर्थ रामदास जी के सन्दर्भों में तो ये वामपंथी चिंतन एतिहासिक तथ्यों व तिथियों को भी झूठलाते हुए गुरु रामदास जी व शिवाजी का कालखंड ही अलग-अलग बताने का दुस्साहस करता है। जबकि यह इतिहास प्रमाणित अकाट्य तथ्य है कि दोनों का जीवनकाल लगभग एक साथ था और शिवाजी की प्रत्येक राजनैतिक व सामरिक गतिविधियाँ समर्थ रामदास जी के मार्गदर्शन में हुआ करती थी। बड़ा ही दुखद आश्चर्य का विषय है कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार जैसे राजनीतिज्ञ भी बिना तथ्यों को जाने समर्थ रामदास को शिवाजी का गुरु मानने से ही इनकार कर देते हैं। शरद पवार कहते हैं कि ये झूठ है कि समर्थ रामदास, शिवाजी के गुरु थे और उन्होंने ही शिवाजी के व्यक्तित्व को तराशा। हमारे कथित बुद्धिजीवी व वामपंथी चिंतक लेखकों के दुष्प्रभाव से हमारे कई बड़े नेता ब्राह्मणों और हिन्दू साधु-संतों के विरुद्ध ऐसी घृणा भरी धारणा बनाकर बैठे हैं कि वे उनके योगदान को स्वीकार कर ही नहीं पाते। भारत में ये एक बड़े विमर्श का विषय है कि कई बड़े राष्ट्रीय स्तर के नेता सनातनी संतों के विषय में किस प्रकार हमारे मयार्दापूर्ण, गौरवमयी व तेजस्वी इतिहास को झुठलाने के षड्यंत्र में झूठ की मशीन के एक पुर्जे बन जाते हैं और ऐसा करके ये इतिहासहंता स्वयं को प्रगतिशील मानने का भ्रम भी पाल बैठते हैं। समर्थ रामदास जी के संदर्भ में शरद पवार का व्यक्तव्य इस बात का ज्वलंत उदाहरण है। औरंगजेब के विरुद्ध संघर्ष के दौरान स्वामी समर्थ रामदास की ख्याति सुनकर शिवाजी ने गुरूजी को पत्र भेजकर उनसे मिलने की अनुमति मांगी थी। उत्तर में समर्थ रामदास ने लिखा कि दिल्ली के मुगल दरबार में हाजिरी लगाने व भीगी बिल्ली बने रहने वाले बहुत से शासक उन्होंने देखे हैं किंतु वे शिवाजी में धर्मरक्षक सम्राट होने के गुणों को देखते हैं। गुरूजी ने शिवाजी का धर्मरक्षा हेतु आह्वान किया जिससे शिवाजी के अंतस की पीड़ा व शौर्य जागृत हो उठा। वीर शिवाजी समर्थ रामदास जी से ऐसे प्रभावित हुए कि वे उनसे मिलने हेतु अधीर हो उठे और स्वयं ही अपना लिखा पत्र लेकर चाफल के श्रीराम मंदिर के नीचे की पहाड़ी पर शिंगणवाडी के जंगलों में पहुँच गए। इसके बाद जो हुआ वह माता जीजाबाई जैसी शेरनी के शावक के वनराज बनने की कहानी है। शिवाजी का राज्याभिषेक समर्थ रामदास जी के मार्गदर्शन में ही हुआ।

...मन में लड्डू फूटा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

एक बेरोजगार चूहे ने देखा वादों की बड़ी बोतल में रोजगार के ढेर सारे लड्डू हैं। यह आँखों का धोखा है या फिर ठगने की नई चाल, उसे समझ नही आया। कुछ देर इधर-उधर देखा तो जाना कि यहाँ तो एक से बढ़कर एक मनलुभावन वादों का बाजार लगा है। रोजगार का लड्डू अकेला नहीं, इसके सहचर भी ललचाने बैठे हैं। किसानों को समर्थन मूल्य की बूंदी, बूढ़ों को पेंशन का चमचम, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा की रबड़ी, स्मार्ट शहरों के गुलाब जामुन सब अलग-अलग वादों की बोतलों में समाये हैं। लंबी-लंबी फेंकने की जलेबी का तो अलग आकर्षण है। चखने के लिए एक मुँह बस नहीं हो सकता। उन जलेबियों पर पैकेजों का मक्खन तो और चटकदार लगता है। जहाँ देखो वहाँ वादों की मिठाई दिखती है। थोड़े छोटे तो थोड़े बड़े लगते हैं। यहाँ गरीबी की मिर्ची, कंगाली का आटा, पिछड़ेपन की करेली कड़वाहट का नामोंनिशाँ नहीं है। इन वादों की मिठाई वाली जादूगरी तो देखो कि इन सबसे मधुमेह हो सकता है, फिर भी सभी दौड़े-दौड़े चले आ रहे हैं। भूखे और तड़पते मरने से अच्छा है कि चंद मिनटों की मीठी मौत ही सही। जमाना वादों की मिठाई खाना चाहता है। तरह-तरह की मिठाई का लुत्फ उठाना चाहता है। यहाँ शिरखुर्मा को जिहादी कहकर मोदकों से भिड़वाया जा रहा है। मोदकों को रसगुल्लों से लड़वाया जा रहा है। चूंकि भिड़ना, लड़ना दोनों मीठे हैं, चूहे बेवकूफ बनते जा रहे हैं। चूहा भूल चुका है कि वह चूहा है। जमाने के साथ-साथ उसे फंसाने के तरकीबें बदली हैं, लेकिन वह नहीं बदला। इस बार चूहा मुफ्त वादों के लड्डू वाली बोतलों की मौज ले रहा है। जब तक लड्डू हैं तब तक उसके दिन अच्छे हैं। यहाँ वादें बदलते हैं, चूहे नहीं। वादे खत्म के होने साथ चूहा खाली बोतल की थाह में फंसकर रह जाएगा। वह लाख कोशिश करेगा बाहर निकलने की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। तभी झूठे वादों की मिठाई बनाने वाला आएगा और धीरे से ढक्कन बंद कर देगा।

दिल्ली ने कोलकाता को 44 रन से हराया

शार्दुल-अक्षर की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी, कुलदीप ने चार विकेट लेकर पलटा मैच

मुंबई: आईपीएल 2022 के 19वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 44 रन से हरा दिया। ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने 216 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में कोलकाता की टीम 19.4 ओवर में 171 रन पर ऑलआउट हो गई। दिल्ली की ओर से डेविड वार्नर ने सबसे ज्यादा 45 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। वहीं, आखिर में 'लॉर्ड' शार्दुल ठाकुर और अक्षर पटेल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। दोनों ने आखिरी 20 गेंदों पर नाबाद 49 रन जोड़कर दिल्ली को 215 रन तक पहुंचाया। जवाब में कोलकाता की पूरी टीम खलील अहमद और कुलदीप यादव की गेंदबाजी पर धाराशाई हो गई। कुलदीप ने 16वें ओवर में तीन विकेट निकाले। उन्होंने इस ओवर में पैट कमिंस, सुनील नरेन और उमेश यादव को पवेलियन भेजा। इसके अलावा कप्तान श्रेयस अय्यर का भी विकेट लिया। कोलकाता की ओर से श्रेयस ने सबसे ज्यादा 54 रन बनाए। दिल्ली की ओर से कुलदीप ने चार और खलील ने तीन विकेट झटके। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली टीम की शुरूआत बेहतरीन रही। बड़े स्कोर की नींव दिल्ली के दोनों ओपनर, पृथ्वी शॉ और डेविड वार्नर ने रखी। दोनों ने 52 गेंदों पर 93 रन की साझेदारी निभाई। इस बीच पृथ्वी शॉ ने 27 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा। यह उनके आईपीएल करियर की 12वीं फिफ्टी रही। वहीं, यह पृथ्वी का यह लगातार दूसरा अर्धशतक रहा। इससे पहले उन्होंने लखनऊ के खिलाफ भी फिफ्टी लगाई थी। वरुण चक्रवर्ती ने शॉ को क्लीन बोल्ड किया।

डेविड वार्नर और पृथ्वी शॉ: इसके बाद डेविड वार्नर और कप्तान ऋषभ पंत ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 27 गेंदों पर 54 रन की साझेदारी निभाई। 13वें ओवर में 148 के स्कोर पर दिल्ली को दूसरा झटका लगा। कप्तान ऋषभ पंत 14 गेंदों पर 27 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आंद्रे रसेल ने उमेश यादव के हाथों कैच कराया। इस दौरान वार्नर ने 34 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा। उन्होंने आईपीएल करियर की 51वीं फिफ्टी लगाई। वार्नर आईपीएल में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने वाले बल्लेबाज हैं। दूसरे नंबर पर शिखर धवन हैं। ललित यादव चार गेंदों पर एक रन बना सके। वहीं, रोवमन पॉवेल छह गेंदों पर आठ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अक्षर पटेल और शार्दुल ठाकुर ने गजब की बल्लेबाजी की। दोनों ने आखिरी 20 गेंदों पर नाबाद 49 रन जोड़े। अक्षर 14 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 22 रन और शार्दुल 11 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्के की मदद से 29 रन बनाकर नाबाद रहे।

अर्धशतक लगाने के बाद डेविड वार्नर:
दिल्ली ने आखिरी पांच ओवर में दो विकेट गंवाकर 54 रन बनाए। आखिरी दो ओवर में दिल्ली ने 39 रन बनाए। उमेश यादव के 19वें ओवर में 23 रन और पैट कमिंस के 20वें ओवर में दिल्ली ने 16 रन बनाए। कोलकाता के गेंदबाजों ने इस सीजन डेथ ओवर्स यानी 16 से 20 ओवरों में 13.54 की इकोनॉमी से रन लुटाए। कोलकाता की ओर से सुनील नरेन ने दो विकेट झटके। वहीं, उमेश यादव, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को एक-एक विकेट मिला। 216 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की बल्लेबाजी के दौरान पहले ही ओवर में भारी ड्रामा देखने को मिला। अजिंक्य रहाणे और वेंकटेश अय्यर केकेआर के लिए ओपनिंग करने उतरे। वहीं, कोलकाता ने मुस्तफिजुर रहमान को गेंद थमाई। इस ओवर की पहली बॉल पर गेंद रहाणे के पास से होते हुए विकेटकीपर ऋषभ पंत के पास पहुंची। इस पर पंत और गेंदबाज रहमान ने कैच आउट की अपील की और ऑन फील्ड अंपायर जे मदनगोपाल ने आउट करार दिया।

रहाणे ने डिसीजन रिव्यू सिस्टम यानी डीआरएस लिया। रिप्ले में पता चला कि गेंद पैड से लगकर विकेटकीपर के पास पहुंची थी। अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। इसके बाद दूसरी गेंद पर रहमान की गेंद रहाणे के पैड पर लगी। इस पर फिर से कप्तान पंत और रहमान ने अपील की। अंपायर मदनगोपाल ने फिर से रहाणे को आउट दिया।

खलील ने वेंकटेश को पवेलियन भेजा: रहाणे ने फिर से डीआरएस लिया और पता चला कि गेंद बैट पर लगकर पैड पर लगी थी। ऑन फील्ड अंपायर को फिर से अपना फैसला बदलना पड़ा और रहाणे नॉटआउट रहे। तीसरी गेंद पर गेंद ऑफ स्टंप के बाहर से विकेटकीपर पंत के पास पहुंची। इस गेंद पर कोई अपील नहीं हुई। बाद में रिप्ले में दिखा कि गेंद रहाणे के बैट से लगकर विकेटकीपर के पास पहुंची थी। इस तरह रहाणे को तीन जीवनदान मिले। कोलकाता को पहला झटका लगा। वेंकटेश अय्यर आठ गेंदों पर 18 रन बनाकर आउट हुए। इसमें एक चौका और दो छक्के शामिल हैं। उन्हें खलील अहमद ने अक्षर के हाथों कैच कराया। इसके बाद नियमित अंतराल पर कोलकाता के विकेट गिरते रहे और टीम इससे नहीं उबर सकी। अजिंक्य रहाणे भी जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और आठ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान श्रेयस ने नीतीश राणा के साथ मिलकर पारी संभालने की कोशिश की।

कोलकाता और दिल्ली के मैच में दिखी मिस्ट्री गर्ल, अंपायर के बाद कैमरामैन भी हुए ट्रोल

मुंबई-आईपीएल 2022 में कोलकाता और दिल्ली के मैच में एक और मिस्ट्री गर्ल मैदान में दिखी। यह मिस्ट्री गर्ल मैच में दिल्ली की टीम को सपोर्ट करने पहुंची थी।

दिल्ली ने इस मैच शानदार खेल दिखाया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने इस सीजन का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। पहली पारी में दिल्ली की टीम ने 215 रन बनाए। इसके जवाब में कोलकाता की टीम 171 रन ही बना पाई और यह मैच 44 रन से जीत गई। इस टूनामेंट में यह दिल्ली की दूसरी जीत थी। वहीं कोलकाता को दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा है। मैच के दौरान कैमरामैन ने कई बार मिस्ट्री गर्ल पर फोकस किया और उसके हाव भाव कैमरे में दिखाते रहे। इस बीच जब ऋषभ पंत से आंद्रे रसेल का कैच छूटा तब भी कैमरामैन ने दिल्ली की फैन की निराशा दिखाई।

दिल्ली ने सीजन का सबसे बड़ा स्कोर बनाया-दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने 216 रनों का लक्ष्य रखा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 215 रन बनाए। यह इस सीजन में पहली या दूसरी, दोनों पारियों को मिलाकर सबसे बड़ा टोटल है। इससे पहले इसी सीजन में चेन्नई ने लखनऊ के खिलाफ 210 रन बनाए थे। जवाब में लखनऊ ने 211 रन बनाकर मैच जीत लिया था। दिल्ली की ओर से डेविड वार्नर ने सबसे ज्यादा 45 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। वहीं, आखिर में 'लॉर्ड' शार्दुल ठाकुर और अक्षर पटेल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। दोनों ने आखिरी 20 गेंदों पर नाबाद 49 रन जोड़े। अक्षर 14 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 22 रन और शार्दुल 11 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्के की मदद से 29 रन बनाकर नाबाद रहे।

दिल्ली ने आखिरी पांच ओवर में दो विकेट गंवाकर 54 रन बनाए। आखिरी दो ओवर में दिल्ली ने 39 रन बनाए। उमेश यादव के 19वें ओवर में 23 रन और पैट कमिंस के 20वें ओवर में दिल्ली ने 16 रन बनाए। कोलकाता के गेंदबाजों ने इस सीजन डेथ ओवर्स यानी 16 से 20 ओवरों में 13.54 की इकोनॉमी से रन लुटाए हैं।

यूपी: आईपीएल में सट्टा लगाने वाले दो सटोरिए गिरफ्तार, 22 लाख बरामद

जालौन: आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लगाने वाले दो सटोरियों को एसओजी, सर्विलांस और कालपी कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर गिरफ्तार किया है। टीम ने उनके पास से 22 लाख रुपये और तमाम तरह के उपकरण बरामद किए हैं। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। एसपी रवि कुमार ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में बताया कि आईपीएल मैच में सट्टा लगाने वाले कौशिक शुक्ला निवासी मोहल्ला रावगंज कालपी व श्याम सुंदर निवासी मोहल्ला गणेशगंज कालपी को पुलिस टीम ने नौ अप्रैल की रात को मोहल्ला रावगंज स्टेशन रोड स्थित गली स्थित मकान से पकड़ा था। इनके पास से पुलिस ने 22 लाख रुपये, एक कैलकुलेटर, तीन मोबाइल फोन, पांच डायरी रजिस्टर, नौ एटीएम कार्ड, एक एलईडी टीवी, सैटअप बाक्स, रिमोट आदि बरामद हुआ। पकड़े गए लोगों ने बताया कि वह आईपीएल क्रिकेट मैच का सट्टा ऑनलाइन डिब्बे के माध्यम से खिलाते हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली संतोष सिंह, एसओजी प्रभारी अर्जुन सिंह, सर्विलांस प्रभारी योगेश पाठक सहित तीन टीमों के पुलिसकर्मी मौजूद रहें। पुलिस टीम को एसपी ने पांच हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया।

एक आरोपी पहले भी जा चुका जेल, एक फरार: एसपी रवि कुमार ने बताया कि पकड़ा गया कौशिक शुक्ला वर्ष 2020 में भी सट्टा खिलाने के आरोप में जेल जा चुका है। वहीं एक आरोपी बिट्टू उर्फ सचिन दीक्षित निवासी मोहल्ला मनीगंज कालपी मौके से भाग गया। जिसकी पुलिस तलाश में जुटी है।

कोतवाली पुलिस, एसओजी की संयुक्त टीम ने पकड़े दस सटोरियां: शहर कोतवाली पुलिस, एसओजी, सर्विलांस पुलिस की संयुक्त टीम ने नौ अप्रैल की दोपहर करमेर रोड हाईवे के पास स्थित खेत पर बने ट्यूबवेल के कमरे से आईपीएल में सट्टा खिला रहे दस सटोरियों को पकड़ लिया। टीम द्वारा पकड़े गए सटोरिया आकाश, शिवम, मनीष, राजदीप, सुभाष, सत्यम, शंकर, योगेंद्र और भरत से तलाशी में पुलिस को 9790 रुपये, सात टच मोबाइल, चार कीपैड मोबाइल बरामद हुए। कोतवाल शिवकुमार सिंह का कहना है कि पकड़े गए सटोरियों पर जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई है।

मुंबई के खिलाफ मैच के बाद आई आरसीबी के लिए बुरी खबर, बायो बबल छोड़ घर पहुंचा यह स्टार खिलाड़ी

मुंबई : रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल की बहन अर्चिता पटेल का निधन हो चुका है। इसके बाद उन्होंने हर्षल ने बायो बबल छोड़ दिया है और अपने घर निकल गए हैं। हर्षल मुंबई के खिलाफ मैच खेल रहे थे, जब उनकी बहन का निधन हुआ। अर्चिता तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं और कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। हर्षल एक दिन के लिए अपने घर गए हैं और एक दिन बाद टीम के साथ जुड़ेंगे। हालांकि, बायो बबल से बाहर जाने के कारण उन्हें क्वारैंटीन के नियम का पालन करना पड़ सकता है और चेन्नई के खिलाफ मैच में वो टीम से बाहर रह सकते हैं। आरसीबी का अगला मैच 12 अप्रैल को चेन्नई के खिलाफ होगा। हर्षल ने इस सीजन में आरसीबी के अच्छा प्रदर्शन किया है। वो चार मैचों में छह विकेट चटका चुके हैं और उनकी इकोनॉमी छह से भी कम है। मुंबई के खिलाफ मैच में भी उन्होंने अपनी टीम को पहली सफलता दिलाई। इस मैच में उन्होंने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए थे।

आरसीबी के मैंनेजमेंट ने की मदद: हर्षल पटेल की बहन का निधन होने के बाद आरसीबी ने मैनेजमेंट ने आनन-फानन में उनके घर जाने का इंतजाम किया। मैनेजमेंट की मदद से हर्षल अपने घर पहुंच चुके हैं। बहन के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद वो फिर से आईपीएल में अपनी टीम के साथ जुड़ेंगे। पिछले साल पर्पल कैप जीतने वाले हर्षल इस साल अपनी टीम के सबसे अहम गेंदबाज हैं। मेगा ऑक्शन में उन्हें आरसीबी की टीम ने 10.75 करोड़ में खरीदा था। अब तक उनका प्रदर्शन भी अपनी कीमत के अनुरूप रहा है।

साणंद के रहने वाले हैं हर्षल: हर्षल पटेल गुजरात के साणंद के रहने वाले हैं। हालांकि, घरेलू क्रिकेट में वो हरियाणा के लिए खेलते हैं। आईपीएल 2021 में कमाल का प्रदर्शन करने के बाद हर्षल ने भारतीय टीम में भी जगह बना ली है। वो भारत के लिए आठ टी20 मैच खेल चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप में भी हर्षल का खेलना लगभग तय है। वो बुमराह और भुवनेश्वर के बाद तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में भारतीय टीम का हिस्सा बन सकते हैं।

साई ने भाई बहलो हॉकी अकादमी को 11-0 से हराया

ग्वालियर। दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर महिला अकादमी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2022 के चौथे दिन साई-अकादमी ने पूल ए में भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता के खिलाफ 11-0 की बड़ी जीत दर्ज की। साई अकादमी की तरफ से सुजाता कुजूर (2'), सुष्मिता पन्ना (7', 22'), पूजा साहू (15'), संजना होरो (16', 31', 60'), प्रिनी कंदिर (32'), दीपाली (37', 48)') और सुनीता टोप्पो (40') ने गोल करके अपनी टीम को बड़ी जीत दिलाई। एक अन्य मैच में मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी ने अपने पूल बी मैच में जय भारत हॉकी अकादमी को 6-0 से हराया। मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी के लिए योगिता वर्मा (10'), ऋतिका सिंह (13,43), प्रियंका यादव (19), सोनिये कुमरे (30') और भूमि साहू (41') ने गोल किए।

'फॉफ डू प्लेसिस और विराट कोहली की कंपनी का आनंद ले रहा हूं'

पुणे। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज अनुज रावत ने कहा कि वह कप्तान फॉफ डू प्लेसिस और विराट कोहली की कंपनी का आनंद ले रहे हैं। अनुज रावत और विराट कोहली की बेहतरीन पारियों की बदौलत शनिवार को महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में आरसीबी ने मुंबई को सात विकेट से शिकस्त दी। अनुज ने मैच के बाद कहा, "रन बनाना और टीम को जीत दिलाना बहुत अच्छा लग रहा है। ऐसा करने में बहुत खुशी हुई। मैं बस अपनी प्रक्रिया का पालन कर रहा था। मैं अच्छी शुरूआत कर रहा था, लेकिन अच्छी तरह से खत्म नहीं कर पा रहा था, आज मैंने किया। मैं खुश हूं और विराट और फॉफ की कंपनी का आनंद ले रहा हूं। आरसीबी के सलामी बल्लेबाज अनुज रावत के (47 गेंदों में 66 रन) के शानदार अर्धशतक और पूर्व कप्तान विराट कोहली के बेहतरीन 48 रनों की पारी की बदौलत आरसीबी ने नौ गेंद शेष रहते 152 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट से जीत दर्ज की।

राष्ट्रमंडल खेल: महिलाओं की 55 किग्रा वर्ग में हिस्सा नहीं ले पाएंगी मीराबाई चानू

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में महिलाओं की 55 किग्रा वर्ग में भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू की प्रविष्टि को अस्वीकार कर दिया गया है, जिसका अर्थ है कि वह बर्मिंघम में होने वाले इन खेलों में 49 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ ने पहले चानू को 55 किग्रा वर्ग में प्रवेश करने की योजना बनाई थी, ताकि 28 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के पदक की संभावनाओं को बढ़ाया जा सके। मणिपुर की दिग्गज चानू पहले ही राष्ट्रमंडल खेल 2022 के 49 किग्रा स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर चुके थीं। उन्होंने 55 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। इसके बाद उन्होंने फरवरी में सिंगापुर वेटलिफ्टिंग इंटरनेशनल में स्वर्ण जीतकर 55 किग्रा की योग्यता भी हासिल कर ली थी, जो अंतिम राष्ट्रमंडल खेलों का क्वालीफाइंग इवेंट था। हालाँकि, अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ द्वारा प्रवेश नियमों में बदलाव ने टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चानू की राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 55 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करने की संभावनाओं को बंद कर दिया। नए नियम के अनुसार, एक श्रेणी में देश का शीर्ष क्रम का भारोत्तोलक राष्ट्रमंडल के लिए अर्हता प्राप्त करता है, लेकिन अगर वे पीछे हट जाते हैं, तो अगले सर्वश्रेष्ठ भारोत्तोलक को स्वचालित रूप से बर्थ नहीं मिलती है। पुराने नियम के अनुसार, स्थान अगले सर्वश्रेष्ठ या योग्य भारोत्तोलक के पास जाता है। मीराबाई चानू की साथी मणिपुरी भारोत्तोलक बिंद्यारानी देवी 55 किग्रा वर्ग में शीर्ष क्रम की भारतीय भारोत्तोलक हैं। ओलम्पिक डॉट कॉम की एक रिपोर्ट में रविवार को कहा गया कि अगर मीराबाई आईडब्ल्यूएलएफ की शुरूआती योजना के मुताबिक 55 किग्रा में हिस्सा लेतीं तो बिंद्यारानी को 59 किग्रा वर्ग में जाना होता। वहीं, झिल्ली दलबेहरा के 49 किग्रा वर्ग में चानू का स्थान लेने की उम्मीद थी, जबकि 64 किग्रा स्पर्धा के लिए पोपी हजारिका को भारत का प्रतिनिधित्व करना था। नए घटनाक्रम के बाद, पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई चानू राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अपने 49 किग्रा में वापस आ जाएंगी, जबकि बिंद्यारानी देव और पोपी हजारिका क्रमशः 55 किग्रा और 59 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करेंगी। भारत की तरफ सेअब महिलाओं के 64 किग्रा वर्ग में कोई खिलाड़ी हिस्सा नहीं लेगा। 27 वर्षीय चानू महिलाओं के 49 किग्रा में राष्ट्रमंडल खेलों की मौजूदा चैंपियन हैं और ओलंपिक रजत और विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक सहित उनके सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सम्मान 48/49 किग्रा वर्ग में आए हैं। उनके नाम डिवीजन में क्लीन एंड जर्क (119 किग्रा) का विश्व रिकॉर्ड भी है।

आईपीएल: डु प्लेसिस ने मुंबई के खिलाफ मिली जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया

पुणे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में शनिवार को खेले गए मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली 7 की जीत का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया। मैच के बाद डु प्लेसिस ने कहा, "मुंबई एक मजबूत टीम है। गेंदबाजों ने वास्तव में शानदार गेंदबाजी की। हालांकि 18 ओवर के बाद मुंबई के बल्लेबाजों ने कुछ अच्छे शॉट खेले। इस विकेट पर नई गेंद से गेंदबाजों के काफी कुछ था। रोहित ने कुछ अच्छे शॉट खेले, उनका विकेट हमारे लिए काफी मूल्यवान था।"

उन्होंने आगे कहा, "आकाश दीप ने बहुत शानदार गेंदबाजी की। अनुज रावत भी शानदार हैं। मैंने टूनामेंट की शुरूआत से पहले अनुज के बारे में बात की थी। उसके पास काफी क्षमता है। हम दोनों के बीच बहुत सारी बातचीत हुई।" बता दें कि इस मुकाबले में मुंबई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव की बेहतरीन 68 रनों की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 151 रनों का स्कोर खड़ा किया। सूर्यकुमार के अलावा ईशान किशन और कप्तान रोहित शर्मा ने 26-26 रनों का योगदान दिया। आरसीबी की तरफ से हसरंगा और हर्षल पटेल ने 2-2 व आकाशदीप ने 1 विकेट लिया। जवाब मे आरसीबी ने 18.3 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

आरसीबी की तरफ से अनुज रावत ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 66 रन बनाए। वहीं, विराट कोहली ने 48 और कप्तान फॉफ डू प्लेसिस ने 16 रन बनाए। मुंबई की तरफ से जयदेव उनादकट और डेवाल्ड ब्रेवीस ने 1-1 विकेट लिया।

इमरान की पार्टी से कुरैशी ने शहबाज के खिलाफ कराया प्रधानमंत्री पद के लिए नामांकन

सोमवार दो बजे होगा पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री का चुनाव, बिलावल बन सकते नए विदेश मंत्री

इस्लामाबादः पाकिस्तान में इमरान खान को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद अब विपक्ष की ओर से शहबाज शरीफ की प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का ऐलान हो गया है। शहबाज शरीफ के मुकाबले इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की ओर से शाह महमूद कुरैशी ने भी प्रधानमंत्री पद का नामांकन किया है। सोमवार को पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री का चुनाव होगा। पाकिस्तान में संयुक्त विपक्ष ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पाकिस्तान सरकार के अधिकृत प्रसारक रेडियो पाकिस्तान के अनुसार शहबाज शरीफ ने अपना नामांकन पत्र दाखिल तर दिया है। रविवार को अविश्वास प्रस्ताव के दौरान नेशनल असेंबली का बहिष्कार करने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने प्रधानमंत्री पद के लिए पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। कुरैशी ने भी शहबाज के खिलाफ मुकाबले के लिए नामांकन करा दिया है। अब सोमवार को अपराह्न दो बजे प्रधानमंत्री पद के चुनाव के लिए नेशनल असेंबली का सत्र बुलाया गया है। वैसे प्रधानमंत्री पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार शहबाज शरीफ का प्रधानमंत्री चुना जाना तय माना जा रहा है। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान में बनने वाली नई सरकार देश को आगे ले जाने का काम करेगी और किसी भी बदले की राजनीति में नहीं पड़ेगी। माना जा रहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो जरदारी नई सरकार में पाकिस्तान के विदेश मंत्री का कार्यभार संभाल सकते हैं। उनके नाम पर लगभग सहमति बन गयी है।

सत्ता से हटते ही बढ़ी इमरान की मुश्किलें, कार्यकाल पूरा नहीं करने वालों में जुड़ा नाम

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय यह है कि आज तक एक भी प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है। वहीं सत्ता गंवाने के बाद इमरान खान और उनकी पार्टी के नेताओं की मुश्किलें बढ़ने के साथ गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। पाकिस्तानी सियासत से जुड़े एक अहम मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। यह मामला पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान समेत उनके कैबिनेट के दूसरे सहयोगियों के देश से बाहर जाने पर रोक लगाने और इनका नाम देश नहीं छोड़ने की सूची में शामिल करने से जुड़ा है। इसके अलावा हाईकोर्ट में कथित धमकी भरे पत्र की जांच का आदेश देने वाली एक अर्जी पर सुनवाई होनी है। रिपोर्ट के अनुसार इस याचिका में इस्लामाबाद हाईकोर्ट से इमरान खान, फवाद चौधरी और शाह महमूद कुरैशी, पूर्व डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी और असद मजीद के नाम ईसीएल पर रखने का अनुरोध किया गया है। एक अन्य याचिका में देश के पूर्व प्रधानमंत्री और मंत्रियों के खिलाफ कथित धमकी भरे पत्र के संबंध में जांच कराने का आदेश जारी करने का भी अनुरोध किया गया है। इसमें कहा गया है कि इमरान खान ने अमेरिका का हवाला देकर देश की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया है। इसका खामियाजा अमेरिका से संबंधों पर भी पड़ा है। यदि हाईकोर्ट का फैसला इस मामले में इमरान खान के खिलाफ आता है तो यह उनके लिए एक और झटका होगा। जिसके बाद कोई भी नेता देश नहीं छोड़ पाएगा। इस याचिका में इस्लामाबाद हाईकोर्ट से इमरान खान, फवाद चौधरी और शाह महमूद कुरैशी, पूर्व डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी और असद मजीद के नाम ईसीएल पर रखने का अनुरोध किया गया है। जानकारी के अनुसार फेडरल इंवेस्टिगेशन एजेंसी को हाई-अलर्ट पर रखा गया है, जिसके एक आदेश में कहा गया है कि उनकी इजाजत के बिना कोई भी सरकारी अधिकारी देश से बाहर नहीं जाएगा। जानकारी के अनुसार नेशनल असेंबली के स्पीकर असद कैसर के इस्तीफा देने और सरकार जाने के साथ सख्ती शुरू कर दी गई है। देश के सभी इंटरनेशनल हवाई अड्डों को भी हाई-अलर्ट पर रखा गया है।

पाकिस्तान में हर प्रधानमंत्री का कार्यकाल अधूराः पाकिस्तान में पहले प्रधानमंत्री से लेकर इमरान खान तक कोई भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है। इनमें से नौवें प्रधानमंत्री जुल्फीकार अली भुट्टो का कार्यकाल 1973 से 1977 तक रहा, उन्होंने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की स्थापना भी की थी। पीपीपी ने ही देश की पहली ऐसी सरकार दी थी, जिसने पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा किया था। हालांकि, इस दौरान पीएम जरूर बदलते रहे।

इनमें जुल्फीकार अली भुट्टो का अंत बेहद दुखद हुआ था। तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल जिया उल हक ने सरकार का तख्ता पलट कर पहले जेल में डाला, बाद में उन्हें रावलपिंडी की जेल में फांसी दे दी गई थी। वहीं 1947 से 1951 तक लियाकत अली खान देश के पीएम रहे थे। उनकी हत्या 16 अक्टूबर 1951 को रावलपिंडी में एक रैली के दौरान कर दी गई थी। वहीं क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान ने वर्ष 1996 में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का गठन किया था। वर्ष 2002 में इमरान खान चुनाव जीतकर नेशनल असेंबली के सदस्य बने। वर्ष 2013 में इमरान खान दोबारा चुनाव जीतकर नेशनल असेंबली पहुंचे। 2018 के आम चुनाव में अपनी पार्टी को जीत दिलाने के बाद इमरान खान पहली बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने। छह मार्च, 2021 को इमरान खान ने अपने वित्त मंत्री की हार के बाद नेशनल असेंबली में विश्वास मत जीता। 8 मार्च, 2022 को पाकिस्तान के विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर मौजूदा सरकार पर देश में अनियंत्रित होती महंगाई को कम करने में विफल रहने का आरोप लगाया। 19 मार्च, 2022 को इमरान खान की पार्टी ने असंतुष्ट पीटीआई सांसदों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। 20 मार्च को नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ने इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए 25 मार्च को नेशनल असेंबली का सत्र बुलाया। 25 मार्च को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली का सत्र इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किए बिना ही स्थगित कर दिया गया। 27 मार्च को एक रैली में इमरान खान ने अपनी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कथित तौर पर हो रही ह्यसाजिशह्न के पीछे विदेशी ताकतों के होने का दावा किया। 28 मार्च को पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने नेशनल असेंबली में इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। 31 मार्च को इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के लिए संसद की बैठक। 01 अप्रैल को इमरान खान ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में दावा किया कि उनकी जान को खतरा है। 03 अप्रैल को नेशनल असेंबली के डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी ने इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को रोका। 03 अप्रैल को इमरान खान की सलाह के बाद राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को नेशनल असेंबली भंग किया।

फ्रांस में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शुरू, पांच साल के शासन को महंगाई की चुनौती

ली पेन भी खुद को नारीवादी बताती हैं। वे मैक्रों के कार्यकाल में बढ़ी महंगाई को मुद्दा बना रही हैं। उन्होंने चुनाव जीतने की स्थिति में सार्वजनिक स्थानों पर हिजाब पहनने पर रोक लगाने का वादा भी किया है

पेरिस। फ्रांस में राष्ट्रपति चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान रविवार को शुरू हो गया। इस चुनाव में राष्ट्रपति एमेनुअल मैक्रों अपने पांच साल के कामकाज को आधार बनाकर दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए प्रयासरत हैं। वहीं दक्षिणपंथी उम्मीदवार मारिन ली पेन और वामपंथी नेता ज्यांलुस मेलेंशां महंगाई को मुद्दा बनाकर उनके पांच साल के शासन को चुनौती दे रहे हैं। फ्रांस में रविवार को शुरू हुआ मतदान ज्यादातर स्थानों पर सुबह आठ बजे शुरू हुआ और शाम सात बजे संपन्न होगा। हालांकि, कुछ बड़े शहरों में मतदान रात आठ बजे तक चलेगा। यहां 4.8 करोड़ मतदाता 12 उम्मीदवारों में से किसी एक को इस शीर्ष पद के लिए चुनेंगे। अगर इसमें किसी उम्मीदवार को 50 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं मिले, तो पहले दो नंबर पर रहने वाले उम्मीदवार दूसरे चरण के मतदान में उतरेंगे। दूसरे चरण का मतदान 24 अप्रैल को होगा। पहले चरण के मतदान से पहले अपनी आखिरी बड़ी चुनावी सभा में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने महिला मतदाताओं के समर्थन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता हासिल करना उनके दूसरे कार्यकाल का एक बड़ा उद्देश्य होगा। अभी तक मैक्रों का मुख्य मुकाबला दक्षिणपंथी नेता मरीन ली पेन से है। ली पेन भी खुद को नारीवादी बताती हैं। वे मैक्रों के कार्यकाल में बढ़ी महंगाई को मुद्दा बना रही हैं। उन्होंने चुनाव जीतने की स्थिति में सार्वजनिक स्थानों पर हिजाब पहनने पर रोक लगाने का वादा भी किया है। वामपंथी उम्मीदवार ज्यां लुक मेलेंशा ने न्यूनतम मजदूरी में सर्वाधिक वृद्धि का वादा किया है।

मोदीजी की खिचड़ी संग ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री का जश्न

नई दिल्लीः भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच शनिवार 2 अप्रैल को आर्थिक सहयोग और व्यापार का अहम समझौता हुआ। अगले शनिवार यानी 9 अप्रैल की रात ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने इस समझौते का जश्न मनाया। उन्होंने इसकी तस्वीर सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर डाली, जिसमें वे खिचड़ी बनाते दिख रहे हैं। तस्वीर के साथ मॉरिसन ने संदेश लिखा है- 'भारत के साथ अपने नये व्यापारिक समझौते का जश्न मनाने के लिए आज की रात मैंने जिस करी का चयन किया है, जो मेरे प्यारे दोस्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुजरात प्रांत की है। इसमें उनकी पसंदीदा खिचड़ी भी शामिल है। जेन, बेटियों और मां ने इसे मंजूरी दी।' पोस्ट के साथ उन्होंने प्रणाम की इमोजी भी लगाई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई मौकों पर कह चुके हैं कि खिचड़ी उनका पसंदीदा भोजन है। इसी वजह से यूट्यूब पर व्यंजन तैयार करने का तरीका बताने वाले कई ऐसे हैं जो 'मोदीजी की पसंदीदा खिचड़ी' का नुस्खा बताते हैं। यह हिंदी और गुजराती, दोनों भाषाओं में उपलब्ध है।

चीनी घुसपैठ: ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में घुसे चीन के चार विमान, अप्रैल में सातवीं बार की हिमाकत

बीजिंगः ताइवान में चीन की नापाक हरकतें लगातार जारी हैं। एक बार फिर चीन के चार एयरक्राफ्ट ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में देखे गए हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, शुक्रवार को चीनी विमान शेनयांग जे-11 लड़ाकू जेट, शानक्सी वाई-8, सीएआईसी डब्ल्यूजेड-10 हेलीकॉप्टर व एमआई-17 कार्गो हेलीकॉप्टर को ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में देखा गया। ये सभी विमान ताइवान के दक्षिणी-पश्चिम सेक्टर में दिखाई दिए।

पूर्वी यूक्रेन में हमले के बढ़ने से बिगड़े हालात, लाखों लोग पलायन को तैयार



कीवः यूक्रेन के डोनेस्क के कैमेटोर्स्क रेलवे स्टेशन पर रूसी सेना के मिसाइल हमले के बाद व्यापक पलायन के हालात बन गए हैं। रूसी हमलों के मद्देनजर डोनेस्क और लुहांस्क के लाखों लोग सुरक्षित स्थानों पर जाने की कोशिश कर रहे हैं। रूसी सेना की सहमति से लोगों की सुरक्षित निकासी के लिए शनिवार को दस कॉरिडोर बनाए गए। रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन के इन दोनों इलाकों और मारीपोल पर कब्जा कर उसे क्रीमिया से मिलाना चाहती है। खार्कीव शहर पर भी इसी उद्देश्य से रूसी सेना के भीषण हमले हो रहे हैं। थल सेना के रास्ता सुगम करने के लिए रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन के शहरों और तटवर्ती शहरों मारीपोल व मीकोलईव पर युद्धपोतों से मिसाइल छोड़ रही है। डोनेस्क के पड़ोस में लुहांस्क में भीषण रूसी हमलों के चलते वहां से बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित स्थानों पर जाना चाहते हैं। बढ़ती गोलाबारी के चलते शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की 30 प्रतिशत आबादी घर छोड़ गई है, बाकी बचे लोगों में से ज्यादातर सुरक्षित स्थानों पर जाना चाहते हैं।

उल्लेखनीय है कि लुहांस्क के बड़े इलाके में रूसी सेना ने कब्जा कर लिया है और अब वह पूरे लुहांस्क को कब्जा करने का प्रयास कर रही है। पूर्वी यूक्रेन में रूसी सेना के हमलों में बढ़ोतरी को देखते हुए यूक्रेन सरकार ने इलाके में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाने की सलाह दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि डोनेस्क इलाके में स्थित रेलवे स्टेशन पर हुए रूसी मिसाइल हमले में 52 लोग मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। शुक्रवार को हुए इस हमले पर दुनिया से वह तीव्र प्रतिक्रिया की अपील करते हैं। रेलवे स्टेशन पर हुआ यह हमला निर्दोष नागरिकों पर था। इसमें मरने वाले ज्यादा बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग हैं, जो रूसी हमले से जान बचाने के लिए अन्यत्र जाना चाह रहे थे। दुनिया को इसके खिलाफ कड़ा विरोध व्यक्त करते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। इधर, मध्य-पूर्व यूक्रेन में शनिवार को रूसी सेना के हमले में मिरहोरोड का वायुसेना का अड्डा तबाह हो गया।

इसके अतिरिक्त नोवोमोस्कोव्स्क में सेना का बड़ा हथियार और गोला-बारूद का भंडार भी नष्ट कर दिया गया है। रूसी हमले में पोलटावा क्षेत्र में एक अन्य वायुसेना अड्डे पर खड़े मिग-29 लड़ाकू विमान और एमआइ-8 हेलीकॉप्टर भी नष्ट कर दिए गए हैं।

संकट में श्रीलंकाः सरकार छोड़ चुके 41 सांसदों के साथ बैठक करेंगे राष्ट्रपति राजपक्षे, समाधान ढूंढने के प्रयास

कोलंबोः श्रीलंका में चल रहे आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक संकट का समाधान ढूंढने के प्रयासों के तहत राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे हाल ही में इस्तीफा देने वाले 41 सांसदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। जानकारी के अुसार श्रीलंका फ्रीडम पार्टी (एसएलएफपी) और राष्ट्रपति राजपक्षे के बीच यह बैठक रविवार को शाम सात बजे होगी। इस निर्णायक और अहम बैठक की जानकारी पूर्व राष्ट्रपति और एसएलएफपी नेता मैत्रीपाला सिरिसरना ने दी। रविवार की सुबह सिरिसरना ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपति राजपक्षे को कम से कम विभागों के साथ राजपक्षे के बिना एक सर्वदलीय मंत्रिमंडल के तहत एक अंतरिम प्रशासन बनाने के लिए मजबूर करना रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि अंतरिम प्रशासन की स्थापना होने से पहले कार्यकारी अध्यक्ष पद की कार्यकारी शक्तियों को कम करने के लिए संविधान के 19वें संशोधन को अतिरिक्त शक्तियों के साथ फिर से पेश किया जाना चाहिए। 1948 में आजाद होने के बाद से सबसे गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका में लोग बड़ी संख्या में सरकार विरोधी प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रपति से इस्तीफा देने की मांग कर रहे हैं। लोगों को भारी बिजली कटौती और गैस, खाद्य पदार्थों व अन्य जरूरी सामग्रियों की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को 'गाले फेस ग्रीन पार्क' में 10 हजार से अधिक लोग एकत्र हुए थे। उन्होंने सरकार के विरोध में **पूरा रात प्रदर्शन किया था।**

'राष्ट्रपति के सत्ता में रहने तक कम नहीं होगा विरोध': सिरिसरना ने कहा कि ऐसा लगता है राष्ट्रपति और सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) सरकार के खिलाफ विरोध और आंदोलन तब तक कम नहीं होंगे जब तक राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे सत्ता में रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह एक लंबी प्रक्रिया और इसमें समय लगता है। हमारे देश के लोगों को बिजली और भोजन की कमी तथा आसमान छूती महंगाई जैसी वर्तमान समस्याओं के तत्काल समाधान की आवश्यकता है।'

'हालात सुधारने के लिए स्थिर सरकार बनाना जरूरी': उन्होंने कहा कि अगर हमें इन गंभीर मुद्दों का तत्काल समाधान खोजना है, तो सबसे पहले एक स्थिर सरकार बनाने के लिए कदम उठाने होंगे। एसएलएफपी का मानना है कि राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और उनके सहयोगियों के बिना एक सर्वदलीय अंतरिम सरकार जनता का विश्वास जीतेगी। पार्टी का कहना है कि 10वें संशोधन के संवैधानिक प्रावधानों को फिर से पेश करने के साथ कार्यपालिका से कोई अनावश्यक निर्देश या आदेश जारी नहीं होंगे। आर्थिक संकट के चलते कोलंबो में लोग अपनी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

211019 से प्रकाशित

स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

नेपाल में भी विदेशी मुद्रा का संकट

काठमांडूः भारत के पड़ोसी देशों की हालत इस समय ठीक नहीं हैं। श्रीलंका और नेपाल विदेशी मुद्रा संकट से जूझ रहे हैं। पाकिस्तान की हालत भी ठीक नहीं है। वहां संवैधानिक संकट चल रहा है। इस बीच नेपाल सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए सेंट्रल बैंक के गवर्नर को निलंबित कर दिया है।

विदेशी मुद्रा संकट के बीच नेपाल सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए देश के सेंट्रल बैंक के गवर्नर महाप्रसाद अधिकारी को वित्त मंत्री जनार्दन शर्मा से असहमति और अर्थव्यवस्था को मंदी से उबारने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने पर निलंबित कर दिया है। अधिकारी के निलंबन के बाद डिप्टी एनआरबी गवर्नर नीलम धुंगाना तिमिलसिना को कार्यवाहक राज्यपाल के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहां के एक अखबार के मुताबिक, नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) के गवर्नर अधिकारी को शुक्रवार को सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश पुरुषोत्तम भंडारी की अध्यक्षता में एक पैनल गठित करने के बाद निलंबित कर दिया गया था। अधिकारी को पूर्व प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले पिछले शासन के तहत 6 अप्रैल, 2020 को नेपाल के 17 वें राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था। यह केवल दूसरा उदाहरण है जब पांच साल के कार्यकाल का आनंद लेने वाले एक मौजूदा गवर्नर को निलंबित किया गया है। सूत्रों के अनुसार, घटते विदेशी मुद्रा भंडार और नेपाल की अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर सेंट्रल बैंक के गवर्नर महाप्रसाद अधिकारी और वित्त मंत्री जनार्दन शर्मा के बीच मतभेद सामने आए थे। पिछले हफ्ते नेपाल राष्ट्र बैंक ने पेट्रोलियम की कमी और विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का हवाला देते हुए वाहनों और अन्य लक्जरी वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।